UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-208 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शनिवार 11 जुलाई 2026 | youngbharatE-paper.com

## हनुमान गढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाकर पाप किया'

### अयोध्या में गरजे सीएम योगी, सपा-कांग्रेस पर क्या-क्या कहा?



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**अयोध्या** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां एक जनसभा में पिछले कुछ सालों में हुए अयोध्या के अभूतपूर्व विकास का जिक्र किया और विपक्षी दल समाजवादी पार्टी व कांग्रेस को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि, 'समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों ने मंदिर निर्माण में बाधा खड़ी की। राम के नाम पर प्रश्न खड़ा करने का प्रयास किया। राम भक्तों पर गोलियां चलाईं। अयोध्या के नाम पर पहचान का संकट खड़ा किया। डबल इंजन की सरकार आई, भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो गया, कोई रोक नहीं पाया। आज लाखों लोग अयोध्या आते हैं, अभिभूत होकर जाते हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में 432 करोड़ से अधिक की लागत की 217 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। समाजवादी पार्टी को निशाना बनाते हुए उन्होंने कहा कि, 'इन्होंने हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़ाने का पापा किया था। और हम लोगों ने अयोध्या को स्वच्छ और सुंदर बनाकर सनातन धर्म की राजधानी के रूप में उसकी फिर से स्थापना के साथ जोड़ा है। जोड़ने के साथ आज अयोध्या को सरयू जी की आरती और राम जी की पेढ़ी भी मिली है। घाटों की एक नई श्रृंखला देकर अयोध्या को एक नई पहचान दिलाई है।'सीएम योगी ने श्रृंगवेरपुर का उल्लेख करते हुए कहा कि, 'वक्फ के नाम पर कब्जा करवा रहे थे। उस श्रृंगवेरपुर में डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार सौंदर्यीकरण की नई ऊंचाई तक पहुंचाया है। शबरी माता के नाम पर भोजनालय अयोध्या में, समरसता तो यह है। यह डबल इंजन सरकार ने किया है, बिना भेदभाव के। अयोध्या में भी दिखाई देता है, राम जी की पेढ़ी, वहीं पर सरयू जी का जल सड़ता रहता था, कभी साफ नहीं होता था। आज एक तरफ से धारा आती है, दूसरी तरफ से निकल जाती है। ठीक वैसे ही जैसे हरिद्वार में हर जी की पेढ़ी है, अयोध्या में राम जी की पेढ़ी दिखाई देती है। सरयू मैया की आरती रोज होती है। हजारों लोग उसमें भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि, 'आज अयोध्या में भक्ति पथ हो, राम पथ हो, जन्मभूमि पथ हो, ये सभी अयोध्या की पहचान बन गए हैं। सिंगल लेन था, आज फोर लेन और सिक्स लेन की सड़कें हैं। चारों ओर से एयर कनेक्टिविटी, रेलवे की कनेक्टिविटी, रोड, की कनेक्टिविटी आज अयोध्या को नई पहचान दिला रही है। स्वाभाविक रूप से अयोध्या को पहचान मिलेगी तो बीकापुर को भी, रुधौली को भी, मिल्कीपुर को भी, गोसाईंकुंज को भी उसका लाभ मिलेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, 'अयोध्या अब बदल चुकी है। प्रभु राम की कृपा है, उनकी मर्यादा है। उस मर्यादा के दायरे में रहकर डबल इंजन सरकार ने बिना झुके, बिना रुके, बिना थके अनवरत कार्य किया। आज उसके परिणाम हम सबके सामने हैं। 2017 के पहले आप कहीं जाते थे, तो लोग आपको शक की निगाहों से देखते थे। आज अयोध्या का नाम लेकर कोई भी हिंदू जाता है , अयोध्या का व्यक्ति देश के अंदर कहीं जाता है, दुनिया में जाता है, अयोध्या का नाम ले लेता है, तो सामने वाले व्यक्ति के चेहरे पर चमक आ जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, 'अयोध्या ने वह करके दिखाया है जो 500 वर्षों में नही हो पाया था। पीढ़ियों पर पीढ़ियां गईं, संतों, राजाओं, समाज के प्रत्येक तबके ने राम जन्मभूमि मुक्ति के लिए आंदोलन किया, संघर्ष किया। लेकिन जो कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता, आज वे देख रहे हैं कि अयोध्या में लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। मंशा साफ हो तो कार्य अपने आप होते हैं, नीति स्पष्ट हो तो नियंता अपने आप सहयोग करता है। आज वह अयोध्या में दिखाई देता है।उन्होंने कहा कि, 'प्रभु श्रीराम की कृपा और पवनसुत हनुमान जी का भी असीम आशीर्वाद जब प्राप्त होता है तो अयोध्या के सारे काम अपने आप बढ़ते दिखाई देते हैं। कोई सोचता था कि अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन पाएगा। ये समाजवादी पार्टी के लोग विरोध करते थे, एयरपोर्ट के नाम पर गुमराह करते थे, आज महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के सभी प्रमुख शहरों के साथ जुड़ चुका है।

## फिरोजाबाद में आरव हत्याकांड में दोषी को फांसी की सजा, 40 दिन में फैसला, डेढ़ साल के मासूम को पटककर मार डाला था

( यंग भारत न्यूज )




**फिरोजाबाद** : डेढ़ साल के बच्चे आरव को पटक-पटककर मारने वाले युवक को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है. कोर्ट ने 1 महीने 10 दिन में फैसला दिया है. गुरुवार को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था. शुक्रवार को जिला जज डॉ. बब्बू सारंग की अदालत ने फैसला सुनाया. फांसी की सजा का ऐलान होते ही पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में आरोपी को अपनी कस्टडी में ले लिया.

30 मई 2026 को दोषी विराज ने मासूम को 8 बार उठाकर पटका था. घटना का सीसीटीवी भी सामने आया था. इसमें दिख रहा था कि बच्चे की हत्या के बाद युवक चारों ओर देखता है. इसके बाद शव घर के बाहर छोड़कर भाग जाता है. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान विराज को दोनों पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया था.विराज रिश्ते में लगता है देवर : जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव उपाध्याय ने बताया, फिरोजाबाद जिले के अरांव थाना क्षेत्र के गांव बामई की रहने वाली महिला रति की ससुराल बदायूं में है. पति से विवाद चलने के कारण रति अपने मायके में मां के साथ ही रहती थी. इस दौरान रति के संपर्क में विराज उर्फ जितेन्द्र पाठक नामक युवक आया जो कि रति का रिश्ते में देवर लगता है और बदायूं का ही रहने वाला है.टॉफी दिलाने के बहाने घर से ले गया : रति अपनी मां के साथ फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद शहर में यादव कॉलोनी निवासी एक रिश्तेदार के घर आयी थी. 30 मई को विराज यादव कॉलोनी पहुंचा और रति के डेढ़ साल के बेटे आरव को टॉफी दिलवाने के बहाने घर से बाहर ले गया. सुनी गली में उसने आरव को आठ बार जमीन पर पटका, जिससे उसकी मौत हो गयी थी. इस मामले का सीसीटीवी भी सामने आया था. एनकाउंटर में पुलिस ने पकड़ा : मामले में विराज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी. 8 मई की रात में ही मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने विराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. मामले में पुलिस ने तेजी दिखाई और महज छह दिनों में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया. मामले की सुनवाई जिला जज डॉ. बब्बू सारंग की अदालत में हुयी. जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव उपाध्याय ने बताया कि सुनवाई के दौरान कई गवाह पेश किए गए.

कड़ी सुरक्षा के बीच भेजा गया जेल : अभियोजन पक्ष की तरफ से मजबूत साक्ष्य कोर्ट के सामने पेश हुए. गुरुवार को इस मामले की सुनवाई हुयी. इस दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच विराज भी कोर्ट में पेश हुआ. कोर्ट ने वकीलों की दलील सुनने के बाद आरोपी विराज को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था. शुक्रवार को कोर्ट ने विराज को फांसी की सजा सुनाई. इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए थे. कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस दोषी विराज को जेल ले गयी

## ललिता गौतम हत्याकांड पर बोलीं मायावती, 'सड़कों पर नहीं उतरना है, ऐसे न्याय नहीं मिलता



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** यूपी के मेरठ में दलित छात्रा ललिता गौतम हत्याकांड को लेकर सियासत गरमा गई है। ललिता गौतम हत्याकांड को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती का भी बयान सामने आया है। मायावती ने ऐसे मामलों में सड़कों में उतरने की जगह कानूनी दायरे में रहकर न्याय की मांग करने की सलाह दी है। उन्होंने ऐसे संगठनों से बचकर रहने को कहा है जो कि इन मामलों में पीड़ित लोगों का फायदा उठाना चाहते हैं। मायावती ने यूपी के मेरठ, सहारनपुर, प्रयागराज व हरदोई के हाल ही मामलों का जिक्र करते हुए कहा है कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए कानूनी दायरे में रहकर संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि मामला अदालत में जाता है और निचली अदालत में इन्साफ नहीं मिलता है तो सर्वोच्च अदालत में जाना चाहिये, ना कि इसके लिए सड़कों पर उतरना है। मायावती ने ऐसे संगठन व पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे संगठन व पार्टियां हैं जो अपने संकीर्ण राजनैतिक स्वार्थ के लिए इन वर्गों के दु:खी व पीड़ित लोगों को भड़का कर व गुमराह करके उन्हें सड़कों पर उतारते हैं। उनके मुखिया मगरमच्छ की तरह आंसू बहाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचकर, अपनी राजनैतिक रोटी सेंकते हैं, तो उससे पीड़ितों को न्याय मिलने वाला नहीं है, बल्कि वर्तमान हालात में यह इन वर्गों के लोगों की मुसीबत व परेशानी को और भी अधिक बढ़ाने वाला ही है। मायावती ने कहा कि दलित समाज की आवाज सिर्फ बसपा है। मायावती ने दलित समाज से ऐसे सभी संगठनों व पार्टियों से सतर्क रहने को कहा है। जो कि दलित समाज के मुद्दों को राजनैतिक स्वार्थ के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आने वाले हैं ऐसे में ये संगठन व पार्टियां सक्रिय हो गए हैं।

## ओमप्रकाश राजभर बोले- अखिलेश की बिरादरी के लोग हर गलत काम में, विरासत में सत्ता मिलेगी, बुद्धि नहीं

( यंग भारत न्यूज )



**वाराणसी** : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव पर तंज किया है. उन्होंने वाराणसी के सर्किट हाउस में अखिलेश यादव को हिदायत देते हुए कहा की विरासत में सत्ता मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं.

कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा, अखिलेश यादव राम मंदिर को लेकर कोई बयान न दे तो ज्यादा अच्छा है. वह क्या जानेंगे राम मंदिर के बारे में, क्योंकि अखिलेश यादव को सबसे पहले राम मंदिर में जाकर दर्शन करना चाहिए. अखिलेश यादव राम मंदिर पर बयान देकर आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं.राजभर ने कहा, यूपी में कहीं भी घटना घट रही है, उसमें यादव बिरादरी क्यों सामने आ रही है. जिसमें टिन्नू यादव भी एक है. उन्होंने कहा कि चाहे राजभर बिरादरी के किसी व्यक्ति को मारने की बात हो या फिर लोगों की आस्था से खिलवाड़, प्रयागराज में तीन लोगों की हत्या के मामले में भी यादव बिरादरी के लोगों का नाम सामने आया है.ओपी राजभर ने कहा, अखिलेश यादव इस जन्म में कभी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते हैं. चढ़ावा चोरी पर कहा, कोषाध्यक्ष भी अगर गलत होते हैं तो उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए. राजभर ने कहा कि बीजेपी में लखनऊ और दिल्ली के बीच किसी तरह का कोई विवाद नहीं है ये सिर्फ विरोधी गलत चीजें फैला रहे हैं.

राजभर ने कहा, अखिलेश यादव पुलिस की तरफ से गोली चलाये जाने और एनकाउंटर को लेकर सवाल उठाते हैं, लेकिन उनको पता होना चाहिए जब कोई गोली चलाएगा तो फूल बरसाने का काम पुलिस वाले नहीं करेंगे. अगर इतना ही है तो अखिलेश यादव पुलिस वालों को फूल पहुंचवा दें, ताकि उधर से गोली चले तो पुलिस वाले फूलों की बारिश करें गोली कि नहीं.ओमप्रकाश राजभर की पार्टी से चुनाव लड़ने वाले मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी के समाजवादी पार्टी से टिकट मिलने और पार्टी में जाने की बातों पर उन्होंने कहा कि वह पहले से ही सपा का डंडा झंडा लेकर चल रहे थे. हमको तो सिर्फ 12 सीट मिली थी जिस पर हमारे सिंबल से चुनाव लड़वाया गया था. राजभर में कहा कि विपक्ष और अखिलेश यादव के पास ना ही रोजगार न जातियों के आरक्षण और ना ही हमारे मांगों को लेकर कोई सवाल है. वह सिर्फ राम मंदिर जैसे मामलों पर बोल रहे हैं, जबकि उनको इस पर बोलने का कोई अधिकार ही नहीं है.उन्होंने कहा कि यूपी में मौजूदा परिस्थिति में कोई भी पार्टी अकेले चुनाव नहीं लड़ पायेगी. वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों को शामिल करने पर ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अल्पसंख्यक को रखना है, यही बदलाव है बीजेपी सरकार में.

# राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा में बहुत बड़े फेर बदल की आहट

## क्या अमित शाह को उपप्रधानमंत्री एवं राजनाथ सिंह को राष्ट्रपति बनाया जा रहा है ?

अनिल शर्मा + संजय श्रीवास्तव
(यंग भारत न्यूज)

**नई दिल्ली।** भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष से नेतृत्व ने यह गहन मंथन कर गोपनील निर्णय लिया है कि लोकसभा के आगामी पावससत्र से पहले देश के गृहमंत्री अमित शाह को उप प्रधानमंत्री बना दिया जाए इसके साथ-साथ देश के रक्षा मंत्री और बहुत सीनियर और अनुभवी भाजपा नेता राजनाथ सिंह को देश का अगलामहामहिम राष्ट्रपति बना दिया जाए क्या अमित शाह को उप प्रधान मंत्री तथा राजनाथ सिंह को राष्ट्रपति बनाए जाने वाला है इसके पीछे मुख्य राजनीतिक कारण यह बताए जा रहे हैं उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा का चुनाव है, उत्तर प्रदेश भाजपा के और राष्ट्रीयस्वयंसेवक संघ के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस राज्य से करारी शिकस्त मिली थी भाजपा को 80 सीटों में मात्र 33 सीटेमिली थी जबकि उसके सहयोगी संगठनों को मात्र तीन सीटेमिली थी जबकि समाजवादी पार्टी ने अकेले 37

### भाजपा और संघ के शीर्ष नेतृत्व ने किया गहन मंथन

सीटे जीती थी और उसके सहयोगी संगठन कांग्रेस ने 6 सिम जीती इस भीषण हर से भाजपा और संघर्ष नेतृत्व अभी तक उबर नहीं पाया है इसलिए 2027 के विधानसभा चुनाव जो उत्तर प्रदेश में होने वाले हैं इसके लिए भाजपा और संघ ने नई रणनीति बनाई है भाजपा में गृहमंत्री अमित शाह को बड़ा चुनावी रणनीतिकार मान जाता है इसलिए भाजपा और संघ नेतृत्व अमित शाह को उप प्रधानमंत्री बनाकर उत्तर प्रदेश और देश में एक नया संदेश देना चाहता है एक तरह से अमित शाह और भाजपा के महामंत्री संगठन बीएल संतोष इस बार उत्तर प्रदेश केविधानसभा चुनाव को भारी बहुमत से जीतना चाहते हैं इसलिए भी यह जरूरी है उत्तर प्रदेश के संगठन की देखरेख और अपनी नजर अमित शाह और जिसे उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया जाए यह दोनों नेता भाजपा के मुख्यमंत्री और संगठन के लोगों4हृद्धको साथ मिलकर ऐसी रणनीति बनाएं की बूथ लेवल तक भाजपा का संगठन मजबूत दिखाई दे और अच्छे परिणाम मिले जिसका सीधा असर 2019 के लोकसभा चुनाव में दिखाई देगा और भाजपा ने 2019 में उत्तर प्रदेश की 80 में से 70 सिम अपने और अपने सहयोगी संगठन के माध्यम से जीतने का लक्ष्य अभी से बना लिया है उधर भाजपा और संघ के शीर्ष सूत्रों से छान-छान कर आ रही खबरों में यह बात उभर कर आ रही है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस समय भाजपा के सबसे अनुभवी और सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक है उनको सट्टा दूर दल के साथ-साथ विपक्षी लोग भी सम्मान देते हैं इसलिए लोकसभा के आगामी पावससत्र में यदि उन्हें मंत्रिमंडल से ड्रॉप कर उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से लगा दिया जाए और उधर अमित शाह उसमें लगेंगे ही उत्तर प्रदेश में और बेहतर परिणाम आ सकते हैं उधर भाजपा और संघ के खेलों में यह चर्चा जोड़ों पर है कि चौकी महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कार्यकाल 25 जुलाई 2027 तक है इसलिए भाजपा के वरिष्ठ नेता वरिष्ठ मंत्री राजनाथ सिंह से सात आठ महीने तक उत्तर प्रदेश में संगठन का काम उनकी निगरानी में करवाया जाए और उसके बाद भाजपा और एनडीए का सर्वसम्मत से राष्ट्रपति का प्रत्याशी घोषित किया जाए और राजनाथ सिंह के नाम पर विपक्षी दलों से भी समर्थन दिया जाए ताकि राजनाथ जी को सर्वसम्मत से राष्ट्रपति चुना जाए यदि ऐसा नहीं हो पाया और उन्हें एनडीए के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ाया गया तो भी राजनाथ सिंह 100% चुनाव लड़ेंगे और पूरी संभावना है कि वह देश के अगले राष्ट्रपति हो सकते हैं।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें - राज्य मंत्री

### -विद्युत, स्वास्थ्य, कृषि, नमामि गंगे एवं शिक्षा विभाग को दिए विशेष निर्देश,

### - जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरतने की हिदायत



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग के राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचाना है। इसके लिए सभी अधिकारी पूर्ण जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। मा0 मंत्री जी ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सभी परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण हों तथा अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का सत्यापन करें। जहां कार्यों की गति अपेक्षित नहीं है, वहां तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और शासन की मंशा के अनुरूप परिणाम धरातल पर स्पष्ट दिखाई देने चाहिए। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि जनपद में कहीं भी लो-वोल्टेज एवं ट्रिपिंग की समस्या नहीं होनी चाहिए। विद्युत आपूर्ति को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधार तत्काल किए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा लिखने की नौबत नहीं आनी चाहिए तथा सरकारी अस्पतालों में बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रहे तथा खाद केंद्रों पर पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नमामि गंगे परियोजना की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि जनपद में लगभग 170 किलोमीटर लंबित रोड रेस्टोरेशन कार्य को आगामी एक माह के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन कार्यों के बाद सड़कों की मरम्मत में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल चलो अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। कोई भी पात्र बच्चा नामांकन से वंचित न रहे तथा शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजीव राज, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध गतिविधियो पर पुलिस की पैनी नजर

### कोतवाल ने होटल, ढाबा चैक पर दिए निर्देश, होटल में ठहरने वालो का पूरा लेखा-जोखा हो

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने और शांति सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस ने नगर में खुले होटलों, रेस्टोरेंट एवं ढाबों की चैकिंग कर व्यवस्थाएं परखी तथा संचालकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को नगर में अलग-अलग स्थानों पर खुले होटलों, रेस्टोरेंट एवं ढाबों की चैकिंग की। पुलिस ने होटलों में ठहरने वाले लोगों की होने वाली एंट्री से संबंधित रजिस्टर चेक करते हुए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी। प्रभारी निरीक्षक ने होटल संचालकों को निर्देश दिए कि जो भी व्यक्ति होटल में ठहरता है उसका पूरा विवरण स्पष्ट रूप से दर्ज करें और संदिग्ध व्यक्ति अथवा संदिग्ध सामान नजर आए तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। रेस्टोरेंट एवं ढाबों के संचालकों को भी निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शराब जुआ से लेकर अन्य अवैध गतिविधियों को न होने दें वरना कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कोई व्यक्ति यदि अराजकता फैलाने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें।कोतवाल ने ढाबा संचालको से दो टूक शब्दो में कहा कि रेस्टोरेंट एवं ढाबा पर किसी को शराब आदि न पीने दे अगर कही भी कोई नशा करता मिला तो ठीक नही होगा।संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## झगड़े में दो लोग गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 10 जुलाई।** नगर के मोहल्ले में दो लोग आपस में गाली गलौज कर झगड़े को अंजाम दे रहे थे वही चौकी प्रभारी ने उपरोक्त दोनों को गिरफ्तार कर जुर्म धारा 170 126 135 के तहत अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेजा।पुलिस के मुताबिक कोतवाली कालपी प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी निर्देश पर टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र सिपाही अभिषेक यादव पुलिस बल के साथ शुक्रवार के दिन नगर में भ्रमण कर रहे थे वही झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने मोहल्ला मारवाड़ी कुइया आलमपुर निवासीगण महेंद्र एवं दीपक पाल किसी मामले को लेकर आपस में गाली गलौज कर झगड़ा कर रहे थे तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटना में कालपी पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अलग-अलग चालानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डॉक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

# विहिप व बजरंगदल ने सेवा सप्ताह के तहत वृक्षारोपण कर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगवाया

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को नगर के काशीराम कालोनी स्थित मल्टीस्टोरी (कम्पोजिट) विद्यालय परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया तथा जरूरत के अनुसार नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। शिविर का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे और स्वास्थ्य संबंधी सलाह ली।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि सेवा कार्य और पर्यावरण संरक्षण समाज के प्रति हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने के साथ लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर विहिप नगर अध्यक्ष संतोष तिवारी, नगर संयोजक चंदन सोनी, उपाध्यक्ष महेंद्र चंदेरिया, जिला गौरक्षा प्रमुख गौरव सोनी, देवेश नाहर, संकेत, सुयश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. देवदत्त, फार्मासिस्ट सुधांशु सिंह, सहायक दीपिका, हिमांशु राय, अरविंद, पुष्पेंद्र और विजय सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं। स्थानीय नागरिकों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन की सराहना की और ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों को समाज के लिए उपयोगी बताया।

# पालिका अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ मंत्री का अभूतपूर्व किया स्वागत वही स्वागत पाकर मंत्री हुए गदगद



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 10 जुलाई।** शुक्रवार के दिन उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री जनपद आगमन पर पालिका अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ चर्चित चौराहे में माल्यार्पण कर स्वागत किया।

नगर पालिका परिषद कालपी अध्यक्ष अरविंद यादव अपने साथियों के साथ दुर्गा मंदिर हाईवे चौराहे में खड़े होकर मंत्री स्वागत के लिए आने का इंतजार कर रहे थे वहीं कुछ घंटे बाद उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान का अमला जैसे ही दुर्गा मंदिर चौराहे में आया तो तत्काल पालिका अध्यक्ष अपने साथियों के साथ उनके समक्ष पहुंचकर फूलों की माला से माल्यार्पण कर स्वागत किया मंत्री स्वागत लेने के उपरांत पालिका अध्यक्ष एवं उनके साथियों के दुख दर्द को जाना इसके उपरांत उनका काफिला उरई के लिए कूच कर गया।

# भाजपा नगर अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 10 जुलाई।उत्तर** प्रदेश पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के जनपद आगमन पर स्थानीय भाजपा के लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।शुक्रवार के दिन पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल का अमला जैसे ही दुर्गा मंदिर हाईवे चौराहे में आया उनके स्वागत के लिए पहले से मौजूद भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी सर्राफा मंडल नगर अध्यक्ष अरविंद उर्फ कल्लू सोनी समेत दोनों के नेतृत्व में साथियों की मौजूदगी में माल्यार्पण कर स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत लेने के बाद उनके दुख दर्द को जाना इसके उपरांत उनका काफिला उरई में हो रहे कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए कूचकर गया स्वागत करने वालों में अशोक बाजपेई सभासद सुनील पटवा मंडल उपाध्यक्ष राकेश पुरवार पूर्व नगर अध्यक्ष संदीप शर्मा पूर्व सभासद राकेश पुरवार पूर्व नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव मंडल उपाध्यक्ष संजय सविता मंडल महामंत्री धर्मेंद्र पाल उदय प्रताप सिंह मुन्ना चौधरी रामाश्रय सोनी सभासद अंबरीश अग्रवाल नगर मंत्री निकुल वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की उड़ रही धज्जियां: जालौन में हाईवे किनारे धड़ल्ले से चल रहीं शराब की दुकानें

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** माननीय सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक आदेशों और उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद जालौन जिले में नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे के किनारे शराब की दुकानें बेखौफ संचालित हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि आबकारी विभाग की सरपरस्ती या उदासीनता के चलते इन दुकानों को नियमों के खिलाफ चलाया जा रहा है। हाईवे पर लगे अवैध होर्डिंग्स और बड़े-बड़े साइन बोर्ड भी सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं।

क्या कहता है कानून और सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक आदेश

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और शराब पीकर गाड़ी चलाने पर लगाम लगाने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 'स्टेट ऑफ तमिलनाडु बनाम के. बालू' मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। इसके तहत यह नियम तय किए गए थे:

दूरी का कड़ा नियम: किसी भी राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग के बाहरी किनारे से शराब की दुकान का प्रवेश मार्ग कम से कम 500 मीटर की दूरी पर होना चाहिए। जिन स्थानीय निकायों की आबादी 20,000 या उससे कम है, वहाँ यह दूरी 220 मीटर तय की गई है।



दृश्यता और विज्ञापन पर पूर्ण प्रतिबंध: हाईवे से गुजरने वाले चालकों को शराब की दुकान सीधे दिखाई नहीं देनी चाहिए। हाईवे की दृश्य सीमा के भीतर शराब के किसी भी प्रकार के विज्ञापन, साइन बोर्ड, होर्डिंग या दिशा-सूचक बैनर लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है, ताकि चालकों का ध्यान न भटके।

लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं:न्यायालय ने साफ किया था कि इस दायरे में आने वाली दुकानों के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा और उन्हें तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया जाना अनिवार्य है।

उत्तर प्रदेश आबकारी नियमावली के तहत भी राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर इन नियमों का कड़ाई से पालन करने का स्पष्ट प्रावधान है।

जालौन में नियमों की खुली अवहेलना: जमीनी हकीकत

सुप्रीम कोर्ट के इन स्पष्ट और बाध्यकारी आदेशों के बावजूद जालौन में जमीनी स्थिति इसके ठीक उलट है। जिले के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर नियमों को ताक पर रख दिया गया है।

जिले के कमसेरा चौराहा, पिरोना, जोलहूपुर, उसरगांव और जालौन-देव नगर चौराहा (चुंगी नंबर चार) जैसे हाईवे से सटे संवेदनशील और व्यस्ततम स्थानों पर शराब की दुकानें हाईवे से चंद मीटर की दूरी पर ही बेधड़क संचालित हो रही हैं।

नियमों के विपरीत इन दुकानों के बाहर राष्ट्रीय राजमार्गों पर ही बड़े-बड़े चमकीले साइन बोर्ड और होर्डिंग्स लगाए गए हैं। यह न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना है, बल्कि रात के समय तेज रफ्तार वाहनों के चालकों का ध्यान भटकाकर किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है।

आबकारी अधिकारी की चुप्पी से उठ रहे सवाल

इस पूरे गंभीर मामले और नियमों के उल्लंघन पर जब जिला आबकारी अधिकारी भूपेंद्र सिंह से उनका पक्ष जानने और विभाग की कार्यप्रणाली पर स्पष्टीकरण लेने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। एक जिम्मेदार अधिकारी की यह चुप्पी आबकारी विभाग की भूमिका और कानून के प्रति उनकी संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

कानूनी विशेषज्ञों की राय और आगे की राह

कानून विशेषज्ञों का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश संविधान के तहत देश का कानून है, जिसका पालन करना प्रत्येक अधिकारी के लिए अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन कर चल रही इन दुकानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने चाहिए। इसके साथ ही जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को तत्काल संयुक्त कार्रवाई कर इन अवैध होर्डिंग्स को हटाना चाहिए।

अब देखना यह होगा कि जालौन जिला प्रशासन, आबकारी आयुक्त और उत्तर प्रदेश शासन इस गंभीर लापरवाही का संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का अनुपालन कब तक सुनिश्चित कराते हैं।

# बाइक से फिसल कर महिला घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 10 जुलाई।** 20 वर्षीय पुष्पा पत्नी रोहित निवासी देवकली अपने पति की बाइक में बैठकर गुढा से शुक्रवार को सुबह अपने गांव जा रही थी तभी बाइक असंतुलित हुई उसी समय महिला बाइक से फिसल कर गिरकर घायल हुई तथा पति बाल बाल बचा घटनास्थल से घायल पत्नी को पति ने उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख ने घायल महिला मरीज की जांच की जांच दौरान स्वास्थ्य टीम को लगाकर इलाज शुरू किया इलाज दौरान डॉक्टर ने अवगत कराया की महिला खतरे से बाहर है डॉक्टर के आश्वासन पर मौजूद पति ने राहत की सांस ली।

# एनसीआर मुकदमे में दो आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 10 जुलाई।** ग्राम छौक निवासी पीड़ित संजीव ने मारपीट घटना में दोनों हमलावरों पर मुकदमा दर्ज कराया था जिसकी जांच उप निरीक्षक सूरजपाल सिंह के द्वारा की जा रही थी शुक्रवार के दिन उप निरीक्षक सिपाही रणजीत सिंह पुलिस बल के साथ आरोपियों को पकड़ने में लगे हुए थे वहीं सूचना मिलने पर गांव के समीप पहुंचकर उक्त गांव के निवासी मुकदमे के आरोपीगण इमरान पुत्र बरकत अली अरबाज उर्फ मुन्ना पुत्र रहीस समेत दोनों लोगों ने संजू को गाली गलौज करके मारपीट घटना को अंजाम दिया था उक्त टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटना में कालपी पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अलग-अलग चालानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें - राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार

**विद्युत, स्वास्थ्य, कृषि, नमामि गंगे एवं शिक्षा विभाग को दिए विशेष निर्देश, जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरतने की हिदायत**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग के राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचाना है। इसके लिए सभी अधिकारी पूर्ण जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सभी परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण हों तथा अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का सत्यापन करें। जहां कार्यों की गति अपेक्षित नहीं है, वहां तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और शासन की मंशा के अनुरूप परिणाम धरातल पर स्पष्ट दिखाई देने चाहिए। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि जनपद में कहीं भी लो-वोल्टेज एवं ट्रिपिंग की समस्या नहीं होनी चाहिए। विद्युत आपूर्ति को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधार तत्काल किए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा लिखने की नौबत नहीं आनी चाहिए तथा सरकारी अस्पतालों में बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रहे तथा खाद केंद्रों पर पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नमामि गंगे परियोजना की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि जनपद में लगभग 170 किलोमीटर लंबित रोड रेस्टोरेशन कार्य को आगामी एक माह के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन कार्यों के बाद सड़कों की मरम्मत में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल चलो अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। कोई भी पात्र बच्चा नामांकन से वंचित न रहे तथा शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व ) राजीव राज, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# जालौन में सघन वन अभियान को मिलेगी नई गति, 9 विकासखंडों के 54 गांवों में होगा व्यापक वृक्षारोपण

**-प्रत्येक चयनित गांव में 1000 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य।**

**-पौधों के संरक्षण और जनभागीदारी पर रहेगा विशेष जोर।**

**-पर्यावरण संरक्षण के साथ हरित जालौन बनाने की दिशा में बड़ा कदम**

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन** जनपद में पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र के विस्तार को लेकर इस वर्ष सघन वन अभियान को और अधिक व्यापक रूप दिया जा रहा है। जिला पंचायत राज विभाग द्वारा सभी नौ विकासखंडों में चयनित ग्राम पंचायतों में बड़े स्तर पर पौधारोपण की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और दीर्घकालिक विकास को सुनिश्चित करना भी है।

डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले वर्षों में ग्राम पंचायतों में किए गए पौधारोपण के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। लगाए गए पौधों का अच्छा विकास हुआ है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हरित क्षेत्र में भी वृद्धि दर्ज की गई है। इसी सफलता को देखते हुए इस वर्ष अभियान का दायरा और बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जनपद में 63 सघन वन विकसित किए गए थे। इस बार जनपद के सभी नौ विकासखंडों—कदौरा, महेवा, डकोर, नदीगांव, माधौगढ़, रामपुरा, कुठौंद, कोंच और जालौन—में प्रत्येक विकासखंड के छह-छह गांवों का चयन किया गया है। इस प्रकार कुल 54 ग्राम पंचायतों में सघन वन विकसित किए जाएंगे। प्रत्येक चयनित गांव में एक हजार से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रामेंद्र सिंह ने बताया कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों, ग्राम पंचायतों तथा स्थानीय लोगों की जिम्मेदारी तय की जाएगी, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रहकर बड़े वृक्ष बन सकें। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण ही अभियान की वास्तविक सफलता का आधार होगा।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में जनभागीदारी को विशेष महत्व दिया जाएगा। ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यालयों तथा आम नागरिकों को पौधारोपण अभियान से जोड़ा जाएगा। ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया जाएगा। डीसी मनरेगा ने बताया कि सघन वन विकसित होने से पर्यावरण संतुलन मजबूत होगा, भूजल स्तर सुधारने में सहायता मिलेगी, जैव विविधता का संरक्षण होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली बढ़ेगी। इसके साथ ही भविष्य में लोगों को स्वच्छ वातावरण, छायादार वृक्ष और प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर लाभ भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप वृक्षारोपण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पौधारोपण स्थलों का चयन कर लिया गया है और आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं।रामेंद्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक चयनित स्थल पर स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप पौधों की प्रजातियों का चयन किया जाएगा, जिससे उनकी जीवित रहने की संभावना अधिक रहे और पर्यावरणीय लाभ भी अधिक मिल सके। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पौधारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और लगाए गए पौधों को अपना समझकर उनकी नियमित देखभाल करें।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष का सघन वन अभियान जनपद जालौन को हरित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यदि सभी विभाग, ग्राम पंचायतें और आमजन मिलकर इस अभियान को सफल बनाते हैं तो आने वाले वर्षों में जालौन का पर्यावरण और अधिक समृद्ध एवं संतुलित होगा। यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में जनभागीदारी का एक प्रभावी उदाहरण बनेगा।

# दबंगों पर ट्रैक्टर से पक्का मकान गिराने का आरोप, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** थाना आटा क्षेत्र के ग्राम ददरी निवासी रामनारायण पुत्र लक्ष्मण ने पुलिस अधीक्षक जालौन को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर ट्रैक्टर से उनका पक्का मकान गिराने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित रामनारायण के अनुसार उनका मकान लगभग 80 वर्ष पुराना है, जो ग्राम ददरी में स्थित है। आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने उनके पक्के मकान को नुकसान पहुंचाया। शिकायत में रामनारायण ने आरोप लगाया है कि बृजेश कुमार पुत्र दुर्गापाल, भगवती पत्नी बृजेश कुमार, दुर्गापाल पुत्र दयाराम तथा मुन्ना पुत्र दुर्गापाल ट्रैक्टर लेकर आए और गाली-गलौज करते हुए घर से बाहर निकलने को कहा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद आरोप है कि ट्रैक्टर से उनके पक्के मकान को गिरा दिया गया।पीड़ित रामनारायण ने अपने शिकायती पत्र में बताया है कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं और मकान गिर जाने से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। रामनारायण ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।यह समाचार शिकायत पत्र में लगाए गए आरोपों पर आधारित है। मामले में पुलिस की जांच एवं आधिकारिक पक्ष आना शेष है।

# सीएम डैशबोर्ड में जालौन पुलिस का शानदार प्रदर्शन, प्रदेश में तीसरा स्थान

**- जून 2026 की कानून-व्यवस्था रैंकिंग में जालौन को मिली बड़ी सफलता**

**- एसपी विनय कुमार सिंह के नेतृत्व और एएसपी डॉ. ईशान सोनी की मॉनिटरिंग का मिला परिणाम**

**- गुणवत्तापूर्ण कार्य, समयबद्ध निस्तारण और सतत समीक्षा से टॉप-10 में बरकरार जालौन पुलिस**

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित ष्टरूडैशबोर्ड पर कानून-व्यवस्था से संबंधित मानकों के आधार पर जारी जून 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जालौन पुलिस ने तीसरा स्थान हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद पुलिस लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के टॉप-10 जिलों में अपनी जगह बनाए हुए है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली का हर माह मूल्यांकन किया जाता है। इसमें कानून-व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण, विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों पर सेवाओं के संचालन तथा समयबद्ध कार्रवाई सहित कई मानकों के आधार पर रैंकिंग जारी की जाती है। जून 2026 की रैंकिंग में जालौन पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के पीछे पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की प्रभावी कार्यशैली और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी की सतत मॉनिटरिंग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एएसपी डॉ. सोनी ने ष्टरूडैशबोर्ड से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समय-समय पर कमियों की पहचान कर उनका त्वरित समाधान कराया गया, जिससे विभिन्न सेवाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार हुआ। सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत पुलिस विभाग के विभिन्न पोर्टलों पर उपलब्ध सेवाओं के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा की गई। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी तथा हल्का प्रभारियों को समयबद्ध ढंग से कार्यों का निस्तारण करने और बेहतर प्रदर्शन के लिए लगातार प्रेरित किया गया। इसके परिणामस्वरूप लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आई और पोर्टलों पर दर्ज सेवाओं की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। जालौन पुलिस ने शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध कार्रवाई को प्राथमिकता देते हुए टीम भावना के साथ कार्य किया। अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयास, नियमित समीक्षा तथा प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते जनपद पुलिस ने प्रदेश स्तर की रैंकिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल जालौन पुलिस की कार्यकुशलता का प्रमाण है, बल्कि आमजन को बेहतर और प्रभावी पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी पुष्टि करती है।

# 12 जुलाई के महा वृक्षारोपण अभियान की तैयारियां अंतिम चरण में, एक-एक पौधे के सफल रोपण पर रहे विशेष फोकस - राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार

**-सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप तैयारी पूरी करें, माइक्रोप्लान, गड्ढा खुदान, पौध उपलब्धता और स्थल चयन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं होगी**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राज्य मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी का महाअभियान बनाया जाए तथा प्रत्येक विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरी तैयारी समय से पूर्ण करे। जनपद की विभागवार तैयारियों, माइक्रोप्लान, पौध उपलब्धता, गड्ढा खुदान, रोपण स्थलों के चयन, पौध उठान, वीआईपी वृक्षारोपण स्थल तथा विभागीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में तैयार किए गए माइक्रोप्लान के अनुरूप रोपण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक रोपे गए पौधे के संरक्षण और जीवित रहने की व्यवस्था भी पहले से सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहे, बल्कि उसकी नियमित सिंचाई, सुरक्षा, जियो टैगिंग और निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि अभियान शत-प्रतिशत सफलता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधि समाजसेवी आदि एक-एक पौधा अपने मां के नाम फैमिली के साथ अवश्य लगाएं। समीक्षा के दौरान विभागवार लक्ष्य एवं प्रगति का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए गए कि जिन विभागों में तैयारी शेष है, वे तत्काल उसे पूर्ण करें। वृक्षारोपण हेतु चिन्हित स्थलों, अग्रिम मृदा कार्य तथा गड्ढा खुदान की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कर ली जाए ताकि अभियान के दिन किसी प्रकार की बाधा न आए। पौधशालाओं में उपलब्ध पौधों की गुणवत्ता एवं ऊंचाई की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए गए कि रोपण स्थल के अनुसार उपयुक्त प्रजाति एवं मानक ऊंचाई के पौधों का चयन किया जाए तथा पौधों के परिवहन एवं रोपण के दौरान तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। राज्य मंत्री ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन-जन का अभियान बनाया जाए तथा जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित कर जनपद जालौन को प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला जनपद बनाया जाए। इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार सहित जनप्रतिधि व वन विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग बेटी को हत्या के लिए उकसाने का आरोप, कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम से लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कोतवाली उरई क्षेत्र के ग्राम मड़ोरा निवासी राजकुमार पुत्र स्व. चुन्नी प्रसाद ने जिलाधिकारी जालौन को प्रार्थना पत्र देकर अपनी नाबालिग पुत्री की हत्या के मामले में दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव के ही रोहित और उसकी मां पुष्पा लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि रोहित फोन पर बातचीत कर तथा फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग को परेशान करता था। जब परिजनों ने इस संबंध में रोहित की मां से शिकायत की तो उन्होंने कथित रूप से अभद्रता करते हुए धमकी दी।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि लगातार मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर उनकी पुत्री ने 17 जून 2026 की रात करीब 2 बजे फांसी लगाकर हत्या कर ली। उनका कहना है कि रोहित और उसकी मां द्वारा शादी का दबाव बनाने तथा बदनाम करने की धमकी दिए जाने के कारण उनकी बेटी मानसिक तनाव में थी। राजकुमार ने आरोप लगाया कि उन्होंने 20 जून 2026 को कोतवाली उरई में तहरीर दी थी, लेकिन अब तक न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए हत्या के लिए उकसाने के आरोप में संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।इस मौके पर प्रमुख रूप से राजेश कुमार, रामकुमार, मनोहर सिंह, सत्येन्द्र कुमार, गंगाचरण, शिवम, पवन, अतुल, संगीता, गिरजा रानी, शीला, वीर सिंह, किशुन प्रसाद, हरदास, मोहन सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# उरई पहुंचे केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल, बोले- भूमाफियाओं पर जारी रहेगी सख्त कार्रवाई

**64 हजार एकड़ सरकारी भूमि कब्जामुक्त होने का दावा, राम मंदिर चढ़ावा मामले में कहा- जांच पूरी होने तक टिप्पणी उचित नहीं**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी बघेल शुक्रवार को जालौन के उरई पहुंचे, जहां उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी द्वारा संचालित 'अपनी रसोई' कार्यक्रम और महापुरुषों की प्रतिमाओं के अनावरण समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, बुलडोजर अभियान और अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा मामले की एसआईटी जांच पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

प्रो. बघेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अब तक करीब 64 हजार एकड़ सरकारी भूमि को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इसकी जिलेवार सूची सार्वजनिक की जाएगी, जिससे यह स्पष्ट होगा कि किस जिले में कितनी सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराई गई और किन लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि सरकार का अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और जहां भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण मिलेगा, वहां कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कब्जामुक्त कराई गई सरकारी जमीन का उपयोग जनकल्याणकारी कार्यों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुलडोजर की कार्रवाई पूरी तरह कानून के दायरे में की जाती है और इसका उद्देश्य सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर उन्हें सार्वजनिक हित में उपयोग करना है। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित चोरी के मामले और एसआईटी जांच पर पूछे गए सवाल के जवाब में प्रो. एसपी बघेल ने कहा कि मामला फिलहाल जांच के अधीन है, इसलिए इस पर किसी प्रकार की टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं है। अंतिम रिपोर्ट आने के बाद यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि इस मामले में पहले चंपत राय का नाम सामने आने की चर्चा हुई थी, तो उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने से पहले किसी व्यक्ति का नाम लेना या उस पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी के खिलाफ साक्ष्य मिलते हैं तो चार्जशीट दाखिल होगी और उसके बाद न्यायालय गुण-दोष के आधार पर निर्णय करेगा। केंद्रीय मंत्री ने दोहराया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और सरकार पारदर्शी व निष्पक्ष कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है और हर मामले में विधिक प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

# वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के प्रचार-प्रसार हेतु पांच प्रचार वाहन रवाना

**'एक पेड़ मां के नाम' और 'आम बहार आपके द्वार' थीम के साथ जन-जन को पौधरोपण व संरक्षण का संदेश**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राज्य मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश श्री संजय सिंह गंगवार, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान एवं प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर वन विभाग के पांच प्रचार वाहनों को रवाना किया।ये प्रचार वाहन जनपद की सभी तहसीलों कालपी, कोंच, उरई, जालौन एवं माधौगढ़ में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। प्रचार वाहनों के माध्यम से 'एक पेड़ मां के नाम' एवं 'आम बहार आपके द्वार' थीम पर पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण और पौधों की सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।प्रचार वाहनों से पर्यावरण से संबंधित गीतों, नारों और स्लोगन के माध्यम से लोगों को 12 जुलाई 2026 को वृहद वृक्षारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान आमजन से अपील की गई कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाए। राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। सभी लोग मिलकर जनपद जालौन को हरित, स्वच्छ और पर्यावरण-संतुलित बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# फिट वाहन, फिट संचालक, तभी हो वाहन चलने की अनुमति - जिलाधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** स्कूल वाहनों की सुरक्षा से समझौता नहीं, अनफिट वाहनों पर पहली बार ?1 लाख व दूसरी बार 2 लाख जुर्माने की संस्तुति जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक में स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में अनफिट वाहन अथवा अयोग्य चालक को विद्यालय परिवहन में अनुमति नहीं दी जाएगी। पूर्व बैठक के निर्देशों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिन विद्यालयों में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन हो चुका है, उन्हें शासनादेश के अनुरूप प्रत्येक तीन माह में नियमित बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। जिन विद्यालयों द्वारा अभी तक समिति का गठन नहीं किया गया है, उन्हें 15 दिनों के भीतर समिति गठित कर उसकी सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी 15 दिनों के भीतर पुनः समीक्षा बैठक आयोजित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग द्वारा नोटिस जारी किए गए 09 अनफिट विद्यालयी वाहनों की तत्काल जांच कराने के निर्देश दिए। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जनपद में यदि कोई अनफिट विद्यालयी वाहन पहली बार संचालित पाया जाता है तो उस पर एक लाख रुपये तथा दूसरी बार पकड़े जाने पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाए जाने की संस्तुति की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मॉडल कंडीशन से बाहर हो चुके वाहनों का स्थलीय सत्यापन कराकर उन्हें स्क्रैप कराया जाए। विद्यालय केवल उन्हीं वाहनों को अनुबंधित करें जो पूरी तरह फिट हों तथा जिनके चालक भी शारीरिक रूप से सक्षम एवं सभी मानकों पर खरे उतरते हों। वाहन चालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कराए जाएं, उनके पुलिस सत्यापन एवं ड्राइविंग लाइसेंस का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए तथा सभी विद्यालयी वाहनों की फिटनेस की सघन जांच सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक विद्यालयी वाहन में सहायक (अटेंडेंट) की उपलब्धता भी अनिवार्य रखने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को ऐसे वाहनों से विद्यालय न भेजें जो सुरक्षा मानकों के अनुरूप न हों। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक रविवार को कम से कम चार विद्यालयों में वाहन चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, जिससे चालक पूरी तरह स्वस्थ एवं सुरक्षित ढंग से बच्चों का परिवहन कर सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजीव राज, मा0 जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरिन्द्र चौहान, सांसद जालौन-गरौठा-भोगनीपुर के प्रतिनिधि राजीव शर्मा, विधायक कालपी के प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह, विधायक सदर के प्रतिनिधि रवीन्द्र प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सहित समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की बस खाई में गिरकर पेड़ से टकराई

## -11 बच्चों समेत एक शिक्षिका और क्लीनर घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की बस उरई से जालौन आते समय अकोढ़ी दुबे श्रमदान के पास खाई में गिरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 11 बच्चों समेत एक महिला शिक्षिका और क्लीनर घायल हो गए। चालक बस छोड़कर भाग निकला। एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां क्लीनर व तीन बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया।

सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल उरई की बस बच्चों को लेने के लिए प्रतिदिन जालौन आती है। नगर से लगभग 20 बच्चे स्कूल पढ़ने के लिए जाते हैं। शुक्रवार को छुट्टी होने के बाद दोपहर करीब ढ़ाई बजे स्कूल बस बच्चों को वापस छोड़ने के लिए जालौन आ रही थी। जब बस अकोढ़ी दुबे श्रमदान के पास पहुंची तो अचानक से बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में चली गई और एक पेड़ से टकराकर रूक गई। अचानक हुए इस हादसे के बाद बच्चों में चीख पुकार मच गई। हादसे के समय बस में 16 बच्चे, चालक, परिचालक और एक महिला शिक्षिका मौजूद थी। हादसे में अधिकांश बच्चे घायल हो गए। हादसा होते ही चालक देशराज बस छोड़कर मौके से भाग निकला। हादसे को लेकर बच्चों का कहना था कि बस चालक को नींद आ गई थी, जिससे हादसा हुआ जबकि क्लीनर ने बताया कि बस की स्टीयरिंग फेल होने से हादसा हुआ। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना यूपी 112 को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस कर्मियों और राहगीरों की मदद से सभी बच्चो और स्टॉफ को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया गया। वहीं, हादसे की खबर मिलते ही बच्चों के परिजन भी अस्पताल पहुच गए। तुरंत सक्रिय हुए मेडिकल स्टॉफ ने बच्चों का उपचार शुरू किया। परिचालक मुन्ना (60), लव पटेल (14) पुत्र मानवेंद्र, शिवांश (6) पुत्र श्याम, सूर्यप्रताप (11) पुत्र कुलदीप को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। जबकि चोटिल महिला शिक्षिका अंजली राजावत (24) पुत्री सत्यपाल, इंद्रवीर, (14) पुत्र मानवेंद्र, देवांश (13) पुत्र शैलेंद्र, वैष्णवी (9) पुत्री कुलदीप, यशवी (11) प्रदीप, टिया (11) पुत्री राहुल, तनवी (13) पुत्री अरूण, समर्थ (11) पुत्र अरूण, अध्ययन (12) पुत्र पुष्पेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर सीओ अजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता, इंस्पेक्टर क्राइम विवेक कुमार मौर्य, एसआई शिवम सेंगर पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुचें और बच्चों का हाल जाना।




# फैमिली रेस्टोरेंट पर महिला कल्याण विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी, दो संदिग्ध नाबालिग युवतियां मिलीं

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** ।उरई कोतवाली क्षेत्र के कोंच रोड स्थित खटी बगिया के पास संचालित द यूनिक फैमिली रेस्टोरेंट में शुक्रवार दोपहर महिला कल्याण विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट के अंदर चार युवतियां और दो युवक मिले, जिनसे पुलिस ने पूछताछ की।




महिला कल्याण विभाग की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रतीक्षा सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई का आधार संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत बताई गई। प्रारंभिक जांच में दो युवतियों के नाबालिग होने की आशंका जताई गई, जिसके बाद उन्हें सत्यापन और पूछताछ के लिए महिला थाना तथा कोतवाली ले जाया गया। वहीं, दो बालिग युवतियों का विवरण दर्ज करने के बाद उन्हें जाने दिया गया। पुलिस ने संदिग्ध नाबालिग युवतियों के परिजनों को सूचना दे दी है। उनकी आयु, पहचान और पूरे घटनाक्रम का सत्यापन किया जा रहा है। मौके पर मिले दोनों युवकों से भी पूछताछ जारी है, ताकि उनके वहां मौजूद होने के उद्देश्य का पता लगाया जा सके।छापेमारी की सूचना मिलते ही रेस्टोरेंट संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि प्रतिष्ठान के पास आवश्यक लाइसेंस, अभिलेख और संचालन संबंधी सभी नियमों का पालन किया जा रहा था या नहीं।प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रतीक्षा सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है और मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद शहर में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस और अन्य ऐसे प्रतिष्ठानों की नियमित जांच कराने की मांग की है, ताकि नियमों के उल्लंघन या किसी भी अवैध गतिविधि पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों की पुष्टि के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किसी भी अवैध गतिविधि के संबंध में अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला गया है।

# पुलिस में बड़ा फेरबदल, 33 पुलिसकर्मियों के तबादले

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद जालौन की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने जनपद में व्यापक स्तर पर पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 13 उपनिरीक्षक, 2 महिला उपनिरीक्षक, 8 मुख्य आरक्षी, 8 आरक्षी एवं 2 महिला आरक्षी सहित कुल 33 पुलिसकर्मियों को नई तैनाती दी गई है।

तबादला सूची में पुलिस लाइन से कई उपनिरीक्षकों को विभिन्न थानों एवं चौकियों पर नियुक्त किया गया है। उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी इटौरा (थाना आटा) बनाया गया है, जबकि वर्तमान चौकी प्रभारी अनुपम मिश्रा को पुलिस लाइन भेजा गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन से राकेश कुमार, कृष्ण कुमार सिंह, रामऔतार सिंह, जमादार सिंह, रवेन्द्र सिंह, सतीश चन्द्र, विनोद कुमार, विमलेश कुमार, बीरेन्द्र सिंह, सुखवीर सिंह एवं चन्द्रजीत सिंह को विभिन्न थानों और कोतवालियों में तैनात किया गया है।

महिला उपनिरीक्षक सुधा पाल को पुलिस लाइन से कोतवाली उरई तथा रजनी को महिला थाना से साइबर थाना स्थानांतरित किया गया है। मुख्य आरक्षियों, आरक्षियों एवं महिला आरक्षियों के भी बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किए गए हैं। कई पुलिसकर्मियों को साइबर थाना, साइबर सेल, साइबर हेल्पडेस्क, डायल-112, मालखाना, पीआरओ सेल, अभियोजन कार्यालय सहित विभिन्न इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि यह प्रशासनिक फेरबदल जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। सभी स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गरीबी में आटा गीला

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर के डिग्गी ताल निवासी दलित टेंपो चालक संजय वर्मा पुत्र स्वर्गीय काशीराम वर्मा बीतीरात जब परिजनों के साथ सो रहे थेद्य तब उनके घर में पीछे के रास्ते से सीढियो से अज्ञात चोर रात करीब 2:30 बजे के बीच घर के अंदर आ गए और रहे गहरी नींद में सो रहे संजय वर्मा उनकी वृद्ध मां तथा अन्य परिजनों को पता ही नहीं चला और वह खूंटी में टांगे उनके पैंट शर्ट को उठकर छत में ले गए द्य पेट की जेब में रखे 16300 जो उन्हें बैंक में इस महीने की टेंपो की किस्त देनी थी वह रखे हुए थे द्य चोर ने आराम से पेट से रुपए निकाले उनका आधार कार्ड तथा अन्य कागजात और उनके कपड़े वही छत पर फेंक कर गायब हो गए द्य सुबह 6:00 बजे जब संजय जगह तो उन्होंने अपना पैंट शर्ट न पाकर जो खूंटी में टंगे थे परेशान होने लगे इसके बाद वह खुद से खोजने छत में गए जहां पैंट शर्ट तो मिल गए लेकिन किस की 16300 जो उनकी जेब में से वह गायब थे इस पर घर में संजय उनकी मां तथा रोने लगे तो वैसे ही हम लोग एक-एक पाई जोड़कर के इकट्ठा करते हैं हम लोगों की इतनी गरीबी है उसके ऊपर से यह घटना हो गई गरीबी में आटा गीला हो गया यह कहकर पूरा घर रोने लगा इसके बाद संजय ने कोतवाली उरई में इसकी इसका प्रार्थना पत्र दिया जो इस पर स्पेशल फैक्ट्री चौकी के पुलिसकर्मियों ने इसकी छानबीन शुरू कर दी है।

# घर के बाहर शौच के लिए गई युवती के साथ युवक ने छेड़छाड़ की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** छोटे भाई के साथ घर के बाहर शौच के लिए गई युवती के साथ युवक ने छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती पांच जुलाई की रात करीब 10 बजे 20 वर्षीय युवती अपने 11 वर्षीय छोटे भाई के साथ शौच के लिए घर से बाहर गई थी। शौच के लिए गई युवती के साथ गांव के ही राजाबाबू रास्ते में उसके साथ छेड़खानी करने लगे। बचने की कोशिश में युवती के कपड़े फट गए और युवती के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग दौड़े तो युवक मौके से भाग निकला। घर जाकर युवती ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# खेत में जबरन पत्थरगड्डी किये जाने की शिकायत एसडीएम से

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** खेत में विपक्षी जबरन पत्थरगड्डी कर रहे हैं। विरोध करने पर धमका रहे हैं। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी विनय कुमार ने एसडीएम राकेश कुमार सोनी को शिकायती पत्र देकर बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व उन्होंने मौजा लौना स्थित कृषि भूमि आराजी संख्या 201 व 203 क्रय की थी। क्रय करने के बाद से वह उसे नकद जोत पर दे देते हैं। उनके बाद दो लोगों ने आराजी संख्या 202 क्रय की थी। जब उन्होंने उपरोक्त आराजी क्रय की थी जब विक्रेता से कब्जा नहीं लिया था। अब वह उनके खेत को अपनी आराजी का हिस्सा बताते हुए पत्थरगड्डी करा रहे हैं। जबकि वह हदबंदी कराकर अपनी आराजी का हिस्सा प्राप्त कर सकते हैं। जब उन्होंने पत्थरगड्डी से मना और हदबंदी कराने के लिए कहा तो वह लड़ाई, झगड़े पर आमादा हैं। पीड़ित किसान ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग एसडीएम से की है।

# दिल्ली से आ रही स्लीपर को एआरटीओ ने पकड़ा

## फिटनेस व कागजात ना होने पर पुलिस के सुपुर्द किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** दिल्ली से आ रही स्लीपर को एआरटीओ ने पकड़ा। मौके पर फिटनेस और अन्य जरूरी कागजात न मिलने पर बस को कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया। बस पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली से एक स्लीपर बस शुक्रवार की सुबह नगर से होकर उरई की ओर जा रही थी। कोंच चौराहे के पास एआरटीओ राजेश कुमार की टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। बस को आता देखकर जब टीम ने बस को रोककर चालक से आवश्यक कागजात और फिटनेस प्रमाण पत्र मांगा तो चालक कागजात नहीं दिखा सका। जिसके बाद टीम ने बस को पकड़कर कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। एआरटीओ राजेश कुमार ने बताया कि स्लीपर बस को पकड़ा गया है। चालक आवश्यक कागजात नहीं दिखा सका। बस पर जुर्माना की कार्रवाई की जा रही है।

# भाकियू ने बैठक कर समस्याओ से संबंधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की एक बैठक शुक्रवार को गल्ला मंडी में विनोद कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसानों एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह को 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की।ज्ञापन में प्रमुख रूप से शासन द्वारा बंद की गई गौशालाओं को पुनः संचालित कराने की मांग उठाई गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि गौशालाएं जल्द शुरू नहीं की गईं तो किसानों को आंदोलन और धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अलावा कई गांवों में जर्जर एवं झुके हुए विद्युत पोल बदलने, गलत तरीके से बढ़ाए गए घरेलू बिजली कनेक्शनों को पूर्ववत करने तथा बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग भी की गई।भाकियू ने विभिन्न गांवों में सड़क, इंटरलॉकिंग, पुलिया निर्माण, जल निकासी, तालाबों की सफाई, अन्ना पशुओं की समस्या तथा जलभराव से बाधित रास्तों को दुरुस्त कराने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी। ज्ञापन में कोंच-पंचानन चौराहे से क्योलारी मार्ग के किनारे उगी झाड़ियों की सफाई कराकर दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की भी मांग की गई।संगठन ने यह भी कहा कि ब्लॉक स्तर की बैठकों में बीडीओ,ग्राम विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की जाए, ताकि ग्रामीण समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने प्रशासन से सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की अपील करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, संतराम पटेल, चंद्रपाल पटेल, अशोक कुमार, सौरभ पटेल दाढ़ी,आत्माराम, विनोद कुशवाहा बरोदा, अतर सिंह, वीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, दुर्गा प्रसाद, भगवान सिंह, रामराजा, पर्वत सिंह, चरन सिंह, भगवान सिंह, महेंद्र, गणेश प्रसाद आदि किसान मौजूद रहे।




# ‘एक पेड मां के नाम’ अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओ ने रोपे पौधे

## विधायक, नगर अध्यक्ष ने पौधे रोपकर लोगो को किया जागरूक

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई द्वारा शुक्रवार को हाटा स्थित कान्हा गौशाला के पास बने पार्क में ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विधायक मूलचंद्र निरंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान लोगों को अपनी माताओं के सम्मान के साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें, ताकि हरित वातावरण के निर्माण के साथ साथ धरती का श्रृंगार हो सके।कार्यक्रम में भाजपा के रामकिशोर गुर्जर,शिवसिंह कुशवाहा,कोषाध्यक्ष अनिल कपूर,जिला मंत्री बाबूराम पाल, प्रदीप वर्मा, विपिन पटेल, गौरव तिवारी, विविध श्रीवास्तव,राजू पाटकार,अनिल वर्मा,राजकुमार अग्रवाल रक्को,अरविंद पटेल मुनियां,डॉ वसीम, विनोद सोनी आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पौधरोपण के बाद सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया।



# यूपी की 12वीं पास महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी! सरकार ने खोले सरकारी नौकरी के दरवाजे

( यंग भारत न्यूज )



**सिद्धार्थनगर ( उत्तर प्रदेश ):** उत्तर प्रदेश की 12वीं पास महिलाओं के लिए सरकारी नौकरी पाने का शानदार अवसर सामने आया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत सिद्धार्थनगर जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 353 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।

इस भर्ती के लिए केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगी और आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। यह भर्ती जिला कार्यक्रम अधिकारी, सिद्धार्थनगर की ओर से जारी की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। भर्ती को लेकर जिले की महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि यह स्थानीय स्तर पर रोजगार पाने का एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

353 पदों पर होगी भर्ती-जारी अधिसूचना के अनुसार सिद्धार्थनगर जिले के विभिन्न बाल विकास परियोजना क्षेत्रों में कुल 353 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों को भरा जाएगा।

भर्ती का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

पद का नाम: आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

कुल रिक्तियां: 353

जिला: सिद्धार्थनगर

आवेदन प्रक्रिया: ऑनलाइन

आवेदन शुरू होने की तिथि: 27 जुलाई 2026

आवेदन की अंतिम तिथि: 28 जुलाई 2026

चूंकि आवेदन की समय-सीमा काफी कम है, इसलिए पात्र उम्मीदवारों को समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है।

कौन कर सकता है आवेदन ?

इस भर्ती में केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन करने की पात्र होंगी।

शैक्षणिक योग्यता के रूप में उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं (इंटरमीडिएट) उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

इसके अलावा आयु सीमा, आरक्षण, स्थानीय निवास (ग्राम पंचायत/वार्ड) तथा अन्य पात्रता संबंधी शर्तें भी लागू होंगी। विस्तृत जानकारी आधिकारिक अधिसूचना में उपलब्ध कराई गई है।

स्थानीय निवास की शर्त भी महत्वपूर्ण

उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती में सामान्यत: संबंधित ग्राम पंचायत, नगर वार्ड या परियोजना क्षेत्र की स्थानीय महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाती है।

इसलिए आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे संबंधित क्षेत्र की पात्र निवासी हैं या नहीं।

यदि कोई अभ्यर्थी पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करती है तो उसका आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

आयु सीमा क्या है ?

जारी जानकारी के अनुसार इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। आयु की गणना निर्धारित कट-ऑफ तिथि के अनुसार की जाएगी।

आरक्षित वर्ग की अभ्यर्थियों को शासन के नियमानुसार आयु सीमा में छूट भी मिल सकती है। इसके लिए आधिकारिक अधिसूचना का अध्ययन करना आवश्यक है।

जारी अधिसूचना के अनुसार चयन प्रक्रिया मेरिट और लागू नियमों के आधार पर होगी। कुछ श्रेणियों को नियमानुसार वरीयता भी दी जा सकती है। विस्तृत चयन प्रक्रिया आधिकारिक नोटिफिकेशन में उपलब्ध है। विशेषज्ञों की सलाह है कि किसी भी सरकारी भर्ती के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को आधिकारिक अधिसूचना अवश्य पढ़नी चाहिए।पात्रता, आयु सीमा, स्थानीय निवास, दस्तावेज, चयन प्रक्रिया और अन्य नियमों को समझे बिना आवेदन करने से भविष्य में परेशानी हो सकती है। इच्छुक महिला उम्मीदवार भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आधिकारिक अधिसूचना उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी भर्ती के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर देख सकती हैं। आवेदन केवल निर्धारित तिथियों के दौरान ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। चूंकि आवेदन की अंतिम तिथि काफी नजदीक है, इसलिए पात्र अभ्यर्थियों को अंतिम समय का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी जा रही है। भर्ती से जुड़ी किसी भी नई सूचना के लिए केवल आधिकारिक पोर्टल पर जारी अपडेट पर ही भरोसा करें

## सहारनपुर में बारिश की वजह से कब्रों से बाहर निकल आए मुर्दे! सुनकर तुरंत दौड़े गांव वाले

( यंग भारत न्यूज )




**सहारपुर:** मानसून की पहली धमाकेदार बारिश ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुरुवार को जमकर कोहराम मचाया। एनसीआर में आने वाले गाजियाबाद और नोएडा की सड़कें लगभग थम सी गईं। गाड़ियों के जाम ने दोनों शहरों की रफ्तार को रोक दिया। कहीं सड़क धंसी तो कहीं पेड़ गिरे, आलम ये रहा है कि कुछ घंटों की बारिश ने अकेले गाजियाबाद में 6 लोगों की जान ले ली। लेकिन, वेस्ट यूपी के सहारनपुर में इस बारिश ने वो किया, जिसे जानकर शायद आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएं। यहां भारी बारिश की वजह से पानी भरने के बाद मुर्दे अपनी कब्रों से बाहर निकल गए।

मामला सहारनपुर जिले के गागलहेड़ी इलाके में पड़ने वाले सैय्यद माजरा गांव का है। यहां हाईवे के किनारे पर एक कब्रिस्तान बना हुआ है। गुरुवार को भारी बारिश होने की वजह से कब्रिस्तान में भी पानी भर गया और कई जगहों पर मिट्टी धंस गई। जलभराव से कई कब्रों को नुकसान पहुंचा और दफन हुए कुछ शव कफन सहित बाहर दिखाई देने लगे। कुछ ही देर में इस घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गई और हड़कंप मच गया। गांव के लोग बड़ी संख्या में कब्रिस्तान पहुंचे और सबसे पहले शवों को सम्मानपूर्वक सुरक्षित जगहों पर रखवाया। इसके बाद जब बारिश थम गई, तो कब्रिस्तान का पानी निकाला गया और इन शवों को दोबारा दफनाने की व्यवस्था की गई। गांव के लोगों का कहना है कि बारिश पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही है। हाईवे किनारे बने नालों में पानी की निकासी का उचित इंतजाम ना होने की वजह से कब्रिस्तान में भी पानी भर गया था और इस वजह से शव बाहर आ गए।

## 35 नहीं, 65 करोड़ की अवैध दौलत का मालिक निकला रिटायर्ड एआरटीओ ललित कुमार! धीरे-धीरे खुल रहे सारे राज?

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ :** यूपी सरकार के परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त असिस्टेंट रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर ललित कुमार के पास से विजिलेंस विभाग ने बड़ी मात्रा में नगद राशि और सोना-चांदी के साथ 15 संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद किए हैं। विजिलेंस की जांच में फिलहाल यह आकलन किया गया है कि ललित कुमार के पास 35 करोड़ की संपत्ति है। हालांकि वास्तव में इस पूर्व ट्रांसपोर्ट अधिकारी के पास करीब 65 करोड़ रुपये की संपत्ति है। विजिलेंस विभाग के अधिकारियों ने ललित कुमार के लखनऊ शहर के अलीगंज में स्थित मकान में छुपाकर रखे गए 1.62 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। अधिकारियों ने इसके अलावा 13 किलोग्राम सोना और 9 किलोग्राम चांदी भी जब्त की है, जिनकी कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये है।विजलेंस अधिकारियों को ललित कुमार के पास से लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली में करीब 13 करोड़ रुपये मूल्य की 15 अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। यह संपत्तियां 13 करोड़ रुपये की तब थीं जब ये खरीदी गई थीं। आज इन संपत्तियों के दाम दोगुने से अधिक बढ़ चुके हैं। इन 15 संपत्तियों की वर्तमान बाजार कीमत 30 करोड़ रुपये से अधिक है। यदि ललित कुमार के पास से जब्त की गई चल संपत्तियों को उसकी 15 अचल संपत्तियों की मौजूदा कीमत के साथ जोड़ा जाए तो उनके पास वास्तव में कम से कम 65 करोड़ की दौलत है। रिटायर एआरटीओ ललित कुमार बुधवार को विजलेंस के छापे की कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को गुमराह करते रहे। उनके पास मिली संपत्तियों और बेशुमार सोना-चांदी के बारे में उनसे पूछताछ की गई। ललित कुमार ने कहा कि वह सब उन्हें ससुराल से गिफ्ट में मिला था। जब अधिकारियों ने उनके बैंक खातों से संपत्तियां खरीदने के लिए किए गए ट्रांजेक्शन सामने रखकर सवाल पूछे तो वे कोई जवाब नहीं दे सके।विजिलेंस ने ललित कुमार के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई का पूरा ब्योरा गुरुवार को कोर्ट में प्रस्तुत कर दिया। ललित कुमार को जल्द ही पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा। विजिलेंस उनका विस्तृत बयान दर्ज करेगा। विजिलेंस उनकी और उनके परिजनों की अन्य प्रॉपर्टी के बारे में भी पता लगा रही है।

## बाराबंकी: तहसीलदार के सामने पेशकार और नायब नाजिर के बीच जमकर चले लात-घूंसे, एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

( यंग भारत न्यूज )




**बाराबंकी:** यूपी के बाराबंकी का रामनगर तहसील कोर्ट परिसर गुरुवार को मारपीट का अखाड़ा बन गया। यहां मामूली कहासुनी के बाद पेशकार ने नायब नाजिर की जमकर पिटाई कर दी। विवाद के बाद पेशकार के कुछ बाहरी समर्थक भी मौके पर पहुंच गए, इससे पूरे परिसर में तनाव का माहौल बन गया। इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। तहसील परिसर में हुई घटना के बाद एसडीएम आनंद तिवारी ने इस पूरे मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक, रामनगर तहसील परिसर में गुरुवार को तहसीलदार कोर्ट के भीतर एक प्राइवेट कर्मचारी से किसी बात को लेकर नायब नाजिर अरविंद शर्मा की कहासुनी शुरू हुई। विवाद बढ़ने पर तहसीलदार के पेशकार आशुतोष सिंह कोर्ट में कार्यरत प्राइवेट कर्मचारी के समर्थन में आ गए। इससे विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। इस दौरान पेशकार और नाजिर में जमकर मारपीट हुईमौजूद स्टाफ ने हस्तक्षेप कर किसी तरह विवाद को शांत कराया। इसके कुछ देर बाद पेशकार के कुछ बाहरी समर्थक भी मौके पर पहुंच गए, इससे दोबारा मारपीट हो गई। पेशकार के बाहरी समर्थकों के पहुंचने से पूरे परिसर में तनाव का माहौल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सरकारी विभागों में अनावश्यक बिजली खर्च रोकने और सरकारी संसाधनों के उचित उपयोग पर बहस की जा रही थी। इसी बात को लेकर तहसीलदार के पेशकार आशुतोष सिंह और नायब नाजिर के बीच बहस मारपीट में तब्दील हो गई। कोर्ट में मौजूद कर्मचारियों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह दोनों पक्षों को अलग कराया और स्थिति को शांत किया। हालांकि, कुछ देर बाद पेशकार के कुछ बाहरी समर्थक तहसील परिसर पहुंच गए। उनके पहुंचते ही दोबारा धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू हो गई, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

खास बात यह है कि पूरा विवाद तहसीलदार विपुल सिंह की मौजूदगी में हुआ और घटना के समय तहसीलदार विपुल सिंह कोर्ट में मौजूद थे। वायरल वीडियो में भी उनके सामने नायब नाजिर के साथ मारपीट होती नजर आ रही है। वीडियो सामने आने के बाद तहसील परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और बाहरी लोगों की मौजूदगी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर एसडीएम आनंद तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। वायरल वीडियो समेत पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मेरठ मर्डर ने बढ़ाया यूपी का सियासी पारा, क्या ललिता को मिलेगा न्याय या चुनावी हथियार बनेगा ये मुद्दा

( यंग भारत न्यूज )




मेरठ की दलित छात्रा ललिता गौतम हत्याकांड अब सिर्फ एक क्राइम केस नहीं रह गया है, ये उत्तर प्रदेश की सियासत का सबसे बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है. एक तरफ पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने रोक दिया, दूसरी तरफ कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया, बसपा सुप्रीमो मायावती ने बिना नाम लिए चंद्रशेखर पर निशाना साधा, समाजवादी पार्टी ने सरकार को दलित विरोधी बताया, जबकि बीजेपी का आरोप है कि विपक्ष दलित वोट बैंक की राजनीति कर रहा है.सवाल ये है कि क्या ललिता गौतम को न्याय मिलेगा, या फिर ये मामला 2027 की चुनावी सियासत का सबसे बड़ा हथियार बन जाएगा.

मेरठ की सियासत उस वक्त और गरमा गई जब नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पीड़ित परिवार से मिलने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें दौराला टोल प्लाजा पर ही रोक दिया, इसके बाद समर्थकों ने जमकर हंगामा किया और धरने पर बैठ गए, चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि सरकार दलितों की आवाज दबा रही है और न्याय मांगने वालों को रोका जा रहा है, इससे पहले कलेक्ट्रेट में हुए प्रदर्शन, लाठीचार्ज और पूर्व एसएसपी अविनाश पांडे के थप्पड़ विवाद ने भी सरकार को विपक्ष के निशाने पर ला दिया, वहीं प्रशासन का दावा है कि प्रदर्शन के दौरान बाहरी तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे. दूसरी तरफ, कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे कांग्रेस के 32 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से पहले पार्टी नेत्री पूनम पंडित को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का आरोप है कि सरकार विपक्ष की आवाज दबा रही है और पीड़ित परिवार तक किसी को नहीं पहुंचने दिया जा रहा. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर प्रदेश की सरकार को घूरते हुए सोशल मीडिया पर दलित उत्पीड़न का मुद्दा उठाया

इस पूरे घटनाक्रम के बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने बिना नाम लिए चंद्रशेखर आजाद पर हमला बोला, उन्होंने कहा कि कुछ लोग दलितों के हितैषी बनने का दिखावा कर रहे हैं लेकिन असल मकसद अपनी राजनीति चमकाना है, मायावती ने दलित समाज से कानून हाथ में न लेने और शांति बनाए रखने की अपील भी की. वहीं, समाजवादी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सरकार पर सीधा हमला बोला. समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने सरकार को 'दलित विरोधी' बताते हुए कहा कि भाजपा राज में पुलिस अन्याय का रिकॉर्ड तोड़ रही है और न्याय मांग रहे लोगों पर लाठीचार्ज बेहद निंदनीय है. चौतरफा हमलों के बीच बीजेपी ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है. बीजेपी का कहना है कि प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कर रहा है और मुख्य आरोपी पहले ही जेल जा चुका है. पार्टी ने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल 2027 के चुनाव को देखते हुए दलित समाज की भावनाओं को भड़काकर राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है. बीजेपी का दावा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी और किसी निर्दोष को परेशान नहीं किया जाएगा. उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में दलित मतदाता बेहद निर्णायक भूमिका में रहेंगे. आंकड़ों के लिहाज से देखें तो,

# एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे से आहत रिटायर्ड टीचर ने दी जान, मौत से पहले बेटे को सौंपे 3 सुसाइड नोट

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर:** ललितपुर के बार थाना क्षेत्र के ग्राम चिकलौआ निवासी 78 वर्षीय रिटायर्ड टीचर राजाराम गोस्वामी ने कथित रूप से जहर निगलकर आत्महत्या कर ली। जान देने से पहले उन्होंने अपने बेटे को तीन सुसाइड नोट सौंपेते हुए कहा था कि इनको पुलिस को दे देना। अब पुलिस ने सुसाइड नोट कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी

घटना बृहस्पतिवार की है, रिटायर्ड टीचर राजाराम गोस्वामी ने घर पर दोपहर में कथित रूप से कोल्ड ड्रिंक में विषाक्त पदार्थ मिलाकर पी लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार ले जाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दियामृतक के पुत्र अनुराग गोस्वामी के अनुसार उनके पिता ने अस्पताल में उन्हें तीन पेज का सुसाइड नोट दिया। सुसाइड नोट में रिटायर्ड टीचर ने वर्ष 2002 में दर्ज एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे और उससे जुड़ी कथित प्रताड़ना का उल्लेख करते हुए मानसिक रूप से टूट जाने की बात लिखी है।अनुराग गोस्वामी के अनुसार वर्ष 2002 में उनके पिता के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था, जो अभी न्यायालय में विचाराधीन है।उनका कहना है कि मुकदमे को लेकर उनके पिता लंबे समय से 24 साल पुराने मुकदमे को लेकर मानसिक तनाव में रहते थे। बुधवार को मामले की सुनवाई




की तारीख थी, जो बढ़कर 16 जुलाई हो गई थी। इसके बाद उन्होंने घर पर दोपहर में कथित रूप से कोल्ड ड्रिंक में विषाक्त पदार्थ मिलाकर पी लिया। राजाराम गोस्वामी के बेटे अनुराग गोस्वामी ने थाना बार पुलिस को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि उत्पीड़न से व्यथित होकर उनके पिता ने आत्महत्या की।

पोस्टमार्टम तीन चिकित्सकों के पैनल से कराया

परिजनों की मांग पर राजाराम गोस्वामी के शव का पोस्टमार्टम तीन चिकित्सकों के पैनल से कराया गया और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमार्टम के दौरान प्रथम दृष्टया मौत का कारण विषाक्त पदार्थ का सेवन पाया गया। हालांकि अंतिम कारण की पुष्टि के लिए विसरा सुरक्षित कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

# यूरोप का दबदबा, 6 टीम अंतिम 8 में, पहली बार ब्राजील-जर्मनी बाहर

पहली बार 48 टीम की भागीदारी में हो रहे विश्व कप में अब आखिरी आठ टीम बची हैं जो 19 जुलाई को फाइनल तक पहुंचने के लिये जोर आजमाइश करेंगी लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है जब क्वार्टर फाइनल में ब्राजील और जर्मनी दोनों नहीं हैं।

नई दिल्ली

सत्रह में से दस विश्व कप में ब्राजील और जर्मनी दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। जर्मनी 1938, 1950, 2018 और 2022 में अंतिम आठ में नहीं था जबकि ब्राजील 1934, 1966 और 1990 में नहीं पहुंच सका था लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि दोनों दिग्गज एक साथ अंतिम आठ से गायब हों।

ब्राजील को अंतिम 16 के दौर में नॉर्वे ने और जर्मनी को अंतिम 32 में पराग्वे ने हराया। विश्व कप 1930, 1950, 1974, 1978 और 1982 में क्वार्टर फाइनल नहीं हुए थे ।



### आठ में से चार टीम ने नहीं जीता है खिताब

इस विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीम में से चार पहले भी खिताब जीत चुकी हैं जिनमें अर्जेंटीना ने तीन, फ्रांस ने दो, इंग्लैंड और स्पेन ने एक एक बार ट्रॉफी अपने नाम की है। बेल्जियम और मोरक्को कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं गए। वहीं स्विटजरलैंड 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और नॉर्वे इससे पहले अंतिम 16 से आगे नहीं गया था। यानी 2010 में स्पेन के बाद पहली बार कोई नया चैम्पियन मिल सकता है।

### स्पेन ने अभी तक नहीं गंवाया एक भी गोल

इस बार विश्व कप में स्पेन एकमात्र टीम है जिसका डिफेंस अभेद रहा है और उसने एक भी गोल नहीं गंवाया। गोलकीपर उनाइ सिमोन ने विश्व कप में 600 मिनट से अधिक समय मैदान पर रहकर गोल नहीं गंवाने का रिकॉर्ड बनाया है। ग्रुप चरण में केप वर्दे ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। स्पेन ने सउदी अरब को 4-0 और उरूग्वे को 1-0 से हराया। अंतिम 32 में आस्ट्रिया को 3- 0 से और अंतिम 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को स्पेन ने 1-0 से हराया। इससे पहले 1990 में इटली की टीम एक भी गोल गंवाये बिना सेमीफाइनल तक पहुंची थी।



### फ्रांस ने निर्धारित समय में ही जीते सारे मैच

खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक पांचों मैच निर्धारित 90 मिनट के भीतर ही जीते हैं। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना ने भी पांचों मैच जीते हैं लेकिन केप वर्दे के खिलाफ अंतिम 32 का उसका मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंचा था जिसमें उसने 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन और इंग्लैंड ने चार मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। नॉर्वे ने चार मैच जीते लेकिन फ्रांस ने उसे हराया था। बेल्जियम, मोरक्को और स्विटजरलैंड ने तीन मैच जीते और दो ड्रॉ खेले।



### यूरोप के साथ अफ्रीका और अमेरिका की एक-एक टीम

क्वार्टर फाइनल में इस बार यूरोप की छह टीम हैं जबकि चार साल पहले कतर में पांच यूरोपीय टीम अंतिम आठ में थीं। इसके अलावा अफ्रीका की एक (मोरक्को) और दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना ) की एक टीम है। मोरक्को कतर में 2022 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम थी । वह लगातार दो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भी अफ्रीका की पहली टीम बन गई है ।

## आज से शुरू होंगे क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

*बोस्टन। फीफा विश्व कप 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। राउंड ऑफ-16 के सभी मुकाबले संपन्न हो चुके हैं और अब क्वार्टर फाइनल के लिए आखिरी 8 टीमें खिताब की दौड़ में बची हुई है। गत विजेता अर्जेंटीना और खिताब की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीमें भी अपने-अपने मैचों के लिए तैयार हैं। इस बीच क्वार्टर फाइनल की सभी टीमें, शेड्यूल और अन्य अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।*



### ऐसा है क्वार्टर फाइनल मैच का शेड्यूल

**पहला क्वार्टर फाइनल**
10 जुलाई को बोस्टन में फ्रांस और मोरक्को के बीच होगा (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे)।

**दूसरा क्वार्टर फाइनल**
11 जुलाई को लॉस एंजिल्स में स्पेन और बेल्जियम का मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

**तीसरा क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को मियामी में इंग्लैंड का सामना नॉर्वे (भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे) से होगा।

**चौथे क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को कैनसस सिटी में अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से (भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे) होना है।

### 14 से खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच

फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल 14 और 15 जुलाई को अर्लिंग्टन और अटलांटा में होंगे। ये दोनों मैच भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ 19 जुलाई को मियामी में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे से होगा।

### फाइनल 20 को

फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

### ऐसे रहे राउंड ऑफ-16 के परिणाम

अर्जेंटीना ने 0-2 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए मिस्र को 3-2 से हराया। पांच बार के चैंपियन ब्राजील को नॉर्वे ने एक बड़े उलटफेर में बाहर कर दिया। फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से हराया था। इंग्लैंड ने मेक्सिको को 3-2 से हराया जबकि स्पेन ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को 1-0 से बाहर कर दिया। बेल्जियम ने सह-मेजबान यूएसए को 4-1 बाहर कर दिया, और स्विट्जरलैंड क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली 8वीं और आखिरी टीम थी।


## मैक्सिको-इंग्लैंड मैच ने दर्शक संख्या में अमेरिका में बनाया रिकॉर्ड

न्यूयॉर्क। फॉक्स नेटवर्क के अनुसार विश्व कप के राउंड 16 में इंग्लैंड और मैक्सिको के बीच मुकाबला अमेरिकी टीम के बिना खेला गया ऐसा विश्व कप मैच बन गया है, जिसे अमेरिका में अंग्रेजी प्रसारण के माध्यम से सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। नेटवर्क ने बुधवार को बताया कि रविवार रात मैक्सिको सिटी में औसतन 2.17 करोड़ (21.7 मिलियन) से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। इसने 2022 में अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए फाइनल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे 1.67 करोड़ (16.7 मिलियन) दर्शकों ने देखा था। फॉक्स ने बताया कि रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच दर्शकों की संख्या 2.57 करोड़ (25.7 मिलियन) से अधिक पहुंच गई। इसके बावजूद अगले दिन खेला गया अमेरिका-बेल्जियम मुकाबला अब भी तीन करोड़ (30 मिलियन) दर्शकों के साथ सबसे अधिक देखा गया विश्व कप मैच बना हुआ है।



## विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना शकीरा, बीटीएस व जस्टिन बीबर होंगे शामिल

न्यूयॉर्क। जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10



करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, "फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता। मैं इस हाफटाइम शो का हिस्सा बनकर आभारी हूं और यह जानकर और भी ज्यादा खुशी हो रही है कि इससे पहले से ही दुनिया भर के बच्चों को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

### खबर संक्षेप



### मैक्सिको फुटबॉल टीम के कोच बने मारकेज

**मैक्सिको सिटी।** रफेल मारकेज को विश्व कप 2030 के लिये मैक्सिको फुटबॉल टीम का कोच बनाया गया है। मैक्सिको फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को इसकी घोषणा की कि बार्सीलोना के पूर्व स्टार जेवियर एगिरे की जगह मुख्य कोच बनेंगे। अगस्त 2024 से मारकेज टीम में एगिरे के सहायक थे। मैक्सिको की टीम इंग्लैंड से अंतिम 16 के दौर में हारकर विश्व कप से बाहर हो गई थी। एगिरे ने बतौर खिलाड़ी पांच विश्व कप खेले, 1999 कांफेडरेशन कप जीता और 2003 तथा 2011 में गोल्ड कप खिताब भी अपने नाम किये। मैक्सिको की टीम को अभी कोई मैच नहीं खेलना है लिहाजा मारकेज का पदार्पण सितंबर अक्टूबर में फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान होगा।

### होप संभालेंगे वेस्टइंडीज की कमान, 12 से वनडे सीरीज

**गयाना।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली जाने वाली 5 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के शुरुआती 3 मैचों के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। इसमें 19 साल के कलाई के स्पिनर विटेल लावेस को पहली बार टीम में मौका दिया गया है। लावेस ने अब तक घेरलू क्रिकेट में भी डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट झटके थे। सीडब्ल्यूआई ने इस सीरीज के अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनने का प्रयास किया है। इसकी कमान शाई होप को सौंपी गई है। शिमरोन हेटमायर को टीम में नहीं चुना गया, क्योंकि वो मेजर लीग क्रिकेट में सिएटल ओर्कास की ओर से खेलेंगे।



## वाइल्ड कार्डधारी ब्रिटिश खिलाड़ी फेरी विम्बलडन के सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी आर्थर फेरी ने विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 23 वर्ष के फेरी ने नौवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 6-4, 7-6, 6-0 से हराया। इससे पहले पुरूष एकल वर्ग में वाइल्ड कार्ड के जरिये सेमीफाइनल तक पहुंचने का कमाल गोरान इवानीसेविच ने 2001 में किया था। यह मुकाबला देखने के लिये रॉयल बॉक्स में ब्रिटेन की महारानी कैमिला भी मौजूद थी। पहला सेट जीतने के बाद दर्शकों ने खड़े होकर फेरी का अभिवादन किया। उन्होंने टाइब्रेकर में दूसरा सेट जीता और तीसरे सेट में एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे कोर्ट पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया और अब वह फेरी से सेमीफाइनल में खेलेंगे।

### मार्ता ने जैसमीन को हराया

*महिला वर्ग में मार्ता कोस्तियुक ने जैसमीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब वह लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में कोको गाफ का सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा।*

## ईस्पोटर्स विश्व कप पेरिस में शुरू

### आयोजन 23 अगस्त तक

पेरिस। दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोटर्स गेमिंग टूर्नामेंट का पहला सत्र ईस्पोटर्स विश्व कप बृहस्पतिवार को पेरिस एक्सपो पोर्ट डे वर्सेलेस में शुरू हो गया। 23 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट में 2000 से अधिक एलीट खिलाड़ी, 100 से अधिक देशों के 200 शीर्ष ईस्पोटर्स क्लब दुनिया के सबसे लोकप्रिय 24 खेलों के 25 टूर्नामेंटों में भाग लेंगे जिसकी ईनामी राशि रिकॉर्ड 716 करोड़ रूपये होगी इस टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन का कार्यक्रम इतिहास में सबसे बड़ा है जिसमें 15 लाख से ज्यादा खिलाड़ी दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोट्र्स मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए 330 टूर्नामेंट, पब्लिशर लीग और बड़े अंतरराष्ट्रीय सर्किट में हिस्सा ले रहे हैं।

## सौरव गांगुली को कल मिलेगा आईसीसी का बड़ा सम्मान, हॉल ऑफ फेम में होंगे शामिल

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा।

गांगुली यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे। आईसीसी हर साल क्रिकेट इतिहास के महान खिलाड़ियों को इस सम्मानित सूची में शामिल करती है। 11 जुलाई को गांगुली को इस बड़ी उपलब्धि से नवाजा जाएगा।



### इन खिलाड़ियों को मिला चुका है यह सम्मान

गांगुली से पहले भारत के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी इस सूची में शामिल किया जा चुका है। भारत की ओर से नीतू डेविड, वीरेंद्र सहवाग, डियान एडुल्जी, विनोद मांकड़, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, महेंद्र सिंह धोनी और सुनील गावस्कर यह सम्मान हासिल कर चुके हैं। गावस्कर और बिशन सिंह भारत की ओर से आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्हें यह सम्मान 2009 में मिला था। गांगुली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बल्ले से 421 मुकाबलों की 485 पारियों में 18,433 रन निकले हैं।

## बटलर टी-20 में विकेट के पीछे पांच कैच लपकने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इस मुकाबले में विकेट के पीछे 5 कैच लपके। इसके साथ ही वह एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में विकेट के पीछे 5 कैच लपकने वाले पहले इंग्लिश विकेटकीपर बन गए। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के ही पूर्व विकेटकीपर मैट प्रायर (4 बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2007) को पीछे छोड़ दिया।

### बटलर ने वैभव-अक्षर सहित इन्हें भेजा पैवेलियन

इस मैच में बटलर ने वैभव सूर्यवंशी, अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह के कैच लपककर उन्हें पवेलियन लौटाने में सहयोग किया। इसकी बदौलत इंग्लैंड ने 202 रन रन का लक्ष्य लेकर उतरी भारतीय टीम को 11.4 ओवर में मात्र 76 रनों पर ऑल आउट कर दिया।

### विंबलडन

## लिएंडर पेस के बाद अर्नव पापरकर ने रचा इतिहास



नई दिल्ली

युवा टेनिस सनसनी अर्नव पापरकर ने खेल जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है। दरअसल, वह जूनियर विंबलडन के बॉयज सिंगल्स वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब हुए। वह 36 साल बाद इस टूर्नामेंट के इतिहास में अंतिम-8 में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना अमेरिका के जॉर्डन ली के खिलाफ होगा।

### अब तक शानदार प्रदर्शन

विंबलडन में अर्नव पापरकर ने पहले दौर में ब्रिटेन के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराया। दूसरे दौर में अमेरिका के विश्व जूनियर नंबर-3 और ऑस्ट्रेलियन ओपन जूनियर फाइनलिस्ट कीटन हैंस को 6-2, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इसके बाद भी उन्होंने अपनी जीत की लय बरकरार रखी और प्री-क्वार्टरफाइनल में जापान के यो तबाता को 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### लिएंडर पेस भी जूनियर वर्ग का खिताब जीता था

पापरकर से पहले जूनियर विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में लिएंडर पेस पहुंचे थे। बता दें कि पेस ने 1990 में इस खिताब पर कब्जा जमाया था। भारतीय टेनिस के इतिहास में रामनाथन कृष्णन 1954 विंबलडन जूनियर बॉयज सिंगल्स जीतने वाले पहले भारतीय और पहले एशियाई खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में एश्ले कूपर को हराया था। इसके बाद रमेश कृष्णन ने 1979 में फाइनल में डेविड सीगलर को 6-0, 6-2 से हराकर खिताब जीता था।

### भारत व इंग्लैंड के बीच पहला महिला टेस्ट क्रिकेट आज से

## 142 साल में पहली बार लाड्र्स स्टेडियम में होगा महिला टेस्ट क्रिकेट

एजेंसी ▶▶| लाइर्स

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बीच आज 10 जुलाई शुक्रवार से शुरू होने वाला महिला टेस्ट मुकाबला ऐतिहासिक होगा। यह लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट मैच है।

पुरुषों के पहले टेस्ट के 142 साल बाद इस मैदान पर महिला क्रिकेट को जगह मिलेगी। इंग्लैंड ने 1937 से अब तक 19 मैदानों पर 55 टेस्ट खेले हैं और लॉड्र्स उसका 20वां टेस्ट स्थल होगा। टीम ने आखिरी घरेलू टेस्ट 2023 में खेला था।



### हाल के दिनों में टेस्ट में दोनों टीमों का प्रदर्शन

टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम ने इस साल सिर्फ एक मुकाबला खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वाका में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट में टीम को 10 विकेट से हार मिली थी। यह साल 2006 के बाद 10 टेस्ट में उसकी पहली हार थी। भारत ने 2025 में कोई टेस्ट नहीं खेला था, जबकि 2024 में सिर्फ एक मुकाबला खेला था। वहीं, इंग्लैंड ने अपना पिछला टेस्ट जनवरी 2025 में खेला था, जिसमें उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली थी।

### पुरुषों के टेस्ट से अलग होता है महिला टेस्ट मैच

महिलाओं का टेस्ट मैच 4 दिन का होता है, जबकि पुरुषों का टेस्ट 5 दिन का होता है। इसमें एक दिन में कम से कम 100 ओवर फेंकना अनिवार्य है। वहीं, फॉलोऑन के लिए 200 की जगह 150 रन की बढ़त जरूरी होती है। अब तक सिर्फ 2 महिला टेस्ट मुकाबले 5 दिन तक चले हैं। 2023 एशेज में ट्रेंट ब्रिज पर खेला गया टेस्ट आखिरी 5 दिवसीय मुकाबला हुआ था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन से जीता था।

# यूरोप का दबदबा, 6 टीम अंतिम 8 में, पहली बार ब्राजील-जर्मनी बाहर

पहली बार 48 टीम की भागीदारी में हो रहे विश्व कप में अब आखिरी आठ टीम बची हैं जो 19 जुलाई को फाइनल तक पहुंचने के लिये जोर आजमाइश करेंगी लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है जब क्वार्टर फाइनल में ब्राजील और जर्मनी दोनों नहीं हैं।

नई दिल्ली

सत्रह में से दस विश्व कप में ब्राजील और जर्मनी दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। जर्मनी 1938, 1950, 2018 और 2022 में अंतिम आठ में नहीं था जबकि ब्राजील 1934, 1966 और 1990 में नहीं पहुंच सका था लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि दोनों दिग्गज एक साथ अंतिम आठ से गायब हों।

ब्राजील को अंतिम 16 के दौर में नॉर्वे ने और जर्मनी को अंतिम 32 में पराग्वे ने हराया। विश्व कप 1930, 1950, 1974, 1978 और 1982 में क्वार्टर फाइनल नहीं हुए थे।



## आठ में से चार टीम ने नहीं जीता है खिताब

इस विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीम में से चार पहले भी खिताब जीत चुकी हैं जिनमें अर्जेंटीना ने तीन, फ्रांस ने दो, इंग्लैंड और स्पेन ने एक एक बार ट्रॉफी अपने नाम की है। बेल्जियम और मोरक्को कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं गए। वहीं स्विटजरलैंड 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और नॉर्वे इससे पहले अंतिम 16 से आगे नहीं गया था। यानी 2010 में स्पेन के बाद पहली बार कोई नया चैम्पियन मिल सकता है।

## स्पेन ने अभी तक नहीं गंवाया एक भी गोल

इस बार विश्व कप में स्पेन एकमात्र टीम है जिसका डिफेंस अभेद रहा है और उसने एक भी गोल नहीं गंवाया। गोलकीपर उनाइ सिमोन ने विश्व कप में 600 मिनट से अधिक समय मैदान पर रहकर गोल नहीं गंवाने का रिकॉर्ड बनाया है। ग्रुप चरण में केप वर्दे ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। स्पेन ने सउदी अरब को 4-0 और उरूग्वे को 1-0 से हराया। अंतिम 32 में आस्ट्रिया को 3-0 से और अंतिम 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को स्पेन ने 1-0 से हराया। इससे पहले 1990 में इटली की टीम एक भी गोल गंवाये बिना सेमीफाइनल तक पहुंची थी।



## फ्रांस ने निर्धारित समय में ही जीते सारे मैच

खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक पांचों मैच निर्धारित 90 मिनट के भीतर ही जीते हैं। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना ने भी पांचों मैच जीते हैं लेकिन केप वर्दे के खिलाफ अंतिम 32 का उसका मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंचा था जिसमें उसने 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन और इंग्लैंड ने चार मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। नॉर्वे ने चार मैच जीते लेकिन फ्रांस ने उसे हराया था। बेल्जियम, मोरक्को और स्विटजरलैंड ने तीन मैच जीते और दो ड्रॉ खेले।



## यूरोप के साथ अफ्रीका और अमेरिका की एक-एक टीम

क्वार्टर फाइनल में इस बार यूरोप की छह टीम हैं जबकि चार साल पहले कतर में पांच यूरोपीय टीम अंतिम आठ में थीं। इसके अलावा अफ्रीका की एक (मोरक्को) और दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना) की एक टीम है। मोरक्को कतर में 2022 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम थी। वह लगातार दो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भी अफ्रीका की पहली टीम बन गई है।

## आज से शुरू होंगे क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

*बोस्टन। फीफा विश्व कप 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। राउंड ऑफ-16 के सभी मुकाबले संपन्न हो चुके हैं और अब क्वार्टर फाइनल के लिए आखिरी 8 टीमें खिताब की दौड़ में बची हुई है। गत विजेता अर्जेंटीना और खिताब की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीमें भी अपने-अपने मैचों के लिए तैयार हैं। इस बीच क्वार्टर फाइनल की सभी टीमें, शेड्यूल और अन्य अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।*



### ऐसा है क्वार्टर फाइनल मैच का शेड्यूल

**पहला क्वार्टर फाइनल**
10 जुलाई को बोस्टन में फ्रांस और मोरक्को के बीच होगा (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे)।
**दूसरा क्वार्टर फाइनल**
11 जुलाई को लॉस एंजिल्स में स्पेन और बेल्जियम का मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।
**तीसरा क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को मियामी में इंग्लैंड का सामना नॉर्वे (भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे) से होगा।
**चौथे क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को कैनसस सिटी में अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से (भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे) होना है।

### 14 से खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच

फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल 14 और 15 जुलाई को अर्लिंग्टन और अटलांटा में होंगे। ये दोनों मैच भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ 19 जुलाई को मियामी में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे से होगा।

### फाइनल 20 को

फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

### ऐसे रहे राउंड ऑफ-16 के परिणाम

अर्जेंटीना ने 0-2 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए मिस्र को 3-2 से हराया। पांच बार के चैंपियन ब्राजील को नॉर्वे ने एक बड़े उलटफेर में बाहर कर दिया। फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से हराया था। इंग्लैंड ने मेक्सिको को 3-2 से हराया जबकि स्पेन ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को 1-0 से बाहर कर दिया। बेल्जियम ने सह-मेजबान यूएसए को 4-1 बाहर कर दिया और स्विट्जरलैंड क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली 8वीं और आखिरी टीम थी।


## मैक्सिको-इंग्लैंड मैच ने दर्शक संख्या में अमेरिका में बनाया रिकॉर्ड

न्यूयॉर्क। फॉक्स नेटवर्क के अनुसार विश्व कप के राउंड 16 में इंग्लैंड और मैक्सिको के बीच मुकाबला अमेरिकी टीम के बिना खेला गया ऐसा विश्व कप मैच बन गया है, जिसे अमेरिका में अंग्रेजी प्रसारण के माध्यम से सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। नेटवर्क ने बुधवार को बताया कि रविवार रात मैक्सिको सिटी में औसतन 2.17 करोड़ (21.7 मिलियन) से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। इसने 2022 में अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए फाइनल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे 1.67 करोड़ (16.7 मिलियन) दर्शकों ने देखा था। फॉक्स ने बताया कि रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच दर्शकों की संख्या 2.57 करोड़ (25.7 मिलियन) से अधिक पहुंच गई। इसके बावजूद अगले दिन खेला गया अमेरिका-बेल्जियम मुकाबला अब भी तीन करोड़ (30 मिलियन) दर्शकों के साथ सबसे अधिक देखा गया विश्व कप मैच बना हुआ है।



## विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना शकीरा, बीटीएस व जस्टिन बीबर होंगे शामिल

न्यूयॉर्क। जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10



करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, "फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता। मैं इस हाफटाइम शो का हिस्सा बनकर आभारी हूं और यह जानकर और भी ज्यादा खुशी हो रही है कि इससे पहले से ही दुनिया भर के बच्चों को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

## खबर संक्षेप



### मैक्सिको फुटबॉल टीम के कोच बने मारकेज

**मैक्सिको सिटी।** रफेल मारकेज को विश्व कप 2030 के लिये मैक्सिको फुटबॉल टीम का कोच बनाया गया है। मैक्सिको फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को इसकी घोषणा की कि बार्सीलोना के पूर्व स्टार जेवियर एगिरे की जगह मुख्य कोच बनेंगे। अगस्त 2024 से मारकेज टीम में एगिरे के सहायक थे। मैक्सिको की टीम इंग्लैंड से अंतिम 16 के दौर में हारकर विश्व कप से बाहर हो गई थी। एगिरे ने बतौर खिलाड़ी पांच विश्व कप खेले, 1999 कांफेडरेशन कप जीता और 2003 तथा 2011 में गोल्ड कप खिताब भी अपने नाम किये। मैक्सिको की टीम को अभी कोई मैच नहीं खेलना है लिहाजा मारकेज का पदार्पण सितंबर अक्टूबर में फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान होगा।

### होप संभालेंगे वेस्टइंडीज की कमान, 12 से वनडे सीरीज

**गयाना।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली जाने वाली 5 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के शुरुआती 3 मैचों के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। इसमें 19 साल के कलाई के स्पिनर विटेल लावेस को पहली बार टीम में मौका दिया गया है। लावेस ने अब तक घेरलू क्रिकेट में भी डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट झटके थे। सीडब्ल्यूआई ने इस सीरीज के अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनने का प्रयास किया है। इसकी कमान शाई होप को सौंपी गई है। शिमरोन हेटमायर को टीम में नहीं चुना गया, क्योंकि वो मेजर लीग क्रिकेट में सिएटल ओर्कास की ओर से खेलेंगे।



## वाइल्ड कार्डधारी ब्रिटिश खिलाड़ी फेरी विम्बलडन के सेमीफाइनल में



एजेंसी ▸▸| लंदन

विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी आर्थर फेरी ने विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 23 वर्ष के फेरी ने नौवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 6-4, 7-6, 6-0 से हराया। इससे पहले पुरूष एकल वर्ग में वाइल्ड कार्ड के जरिये सेमीफाइनल तक पहुंचने का कमाल गोरान इवानीसेविच ने 2001 में किया था। यह मुकाबला देखने के लिये रॉयल बॉक्स में ब्रिटेन की महारानी कैमिला भी मौजूद थी। पहला सेट जीतने के बाद दर्शकों ने खड़े होकर फेरी का अभिवादन किया। उन्होंने टाइब्रेकर में दूसरा सेट जीता और तीसरे सेट में एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे कोर्ट पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया और अब वह फेरी से सेमीफाइनल में खेलेंगे।

### मार्ता ने जैसमीन को हराया

*महिला वर्ग में मार्ता कोस्तियुक ने जैसमीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब वह लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में कोको गाफ का सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा।*

## ईस्पोटर्स विश्व कप पेरिस में शुरू

**आयोजन 23 अगस्त तक**

पेरिस। दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोटर्स गेमिंग टूर्नामेंट का पहला सत्र ईस्पोटर्स विश्व कप बृहस्पतिवार को पेरिस एक्सपो पोर्ट डे वर्सेलेस में शुरू हो गया। 23 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट में 2000 से अधिक एलीट खिलाड़ी, 100 से अधिक देशों के 200 शीर्ष ईस्पोटर्स क्लब दुनिया के सबसे लोकप्रिय 24 खेलों के 25 टूर्नामेंटों में भाग लेंगे जिसकी ईनामी राशि रिकॉर्ड 716 करोड़ रूपये होगी इस टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन का कार्यक्रम इतिहास में सबसे बड़ा है जिसमें 15 लाख से ज्यादा खिलाड़ी दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोट्र्स मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए 330 टूर्नामेंट, पब्लिशर लीग और बड़े अंतरराष्ट्रीय सर्किट में हिस्सा ले रहे हैं।

## सौरव गांगुली को कल मिलेगा आईसीसी का बड़ा सम्मान, हॉल ऑफ फेम में होंगे शामिल

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा।

गांगुली यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे। आईसीसी हर साल क्रिकेट इतिहास के महान खिलाड़ियों को इस सम्मानित सूची में शामिल करती है। 11 जुलाई को गांगुली को इस बड़ी उपलब्धि से नवाजा जाएगा।



### इन खिलाड़ियों को मिला चुका है यह सम्मान

गांगुली से पहले भारत के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी इस सूची में शामिल किया जा चुका है। भारत की ओर से नीतू डेविड, वीरेंद्र सहवाग, डियान एडुल्जी, विनोद मांकड़, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, महेंद्र सिंह धोनी और सुनील गावस्कर यह सम्मान हासिल कर चुके हैं। गावस्कर और बिशन सिंह भारत की ओर से आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्हें यह सम्मान 2009 में मिला था। गांगुली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बल्ले से 421 मुकाबलों की 485 पारियों में 18,433 रन निकले हैं।

## बटलर टी-20 में विकेट के पीछे पांच कैच लपकने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने



नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इस मुकाबले में विकेट के पीछे 5 कैच लपके। इसके साथ ही वह एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में विकेट के पीछे 5 कैच लपकने वाले पहले इंग्लिश विकेटकीपर बन गए। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के ही पूर्व विकेटकीपर मैट प्रायर (4 बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2007) को पीछे छोड़ दिया।

### बटलर ने वैभव-अक्षर सहित इन्हें भेजा पैवेलियन

इस मैच में बटलर ने वैभव सूर्यवंशी, अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह के कैच लपककर उन्हें पवेलियन लौटाने में सहयोग किया। इसकी बदौलत इंग्लैंड ने 202 रन रन का लक्ष्य लेकर उतरी भारतीय टीम को 11.4 ओवर में मात्र 76 रनों पर ऑल आउट कर दिया।

**विंबलडन**

## लिएंडर पेस के बाद अर्नव पापरकर ने रचा इतिहास



नई दिल्ली

युवा टेनिस सनसनी अर्नव पापरकर ने खेल जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है। दरअसल, वह जूनियर विंबलडन के बॉयज सिंगल्स वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब हुए। वह 36 साल बाद इस टूर्नामेंट के इतिहास में अंतिम-8 में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना अमेरिका के जॉर्डन ली के खिलाफ होगा।

### अब तक शानदार प्रदर्शन

विंबलडन में अर्नव पापरकर ने पहले दौर में ब्रिटेन के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराया। दूसरे दौर में अमेरिका के विश्व जूनियर नंबर-3 और ऑस्ट्रेलियन ओपन जूनियर फाइनलिस्ट कीटन हैंस को 6-2, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इसके बाद भी उन्होंने अपनी जीत की लय बरकरार रखी और प्री-क्वार्टरफाइनल में जापान के यो तबाता को 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### लिएंडर पेस भी जूनियर वर्ग का खिताब जीता था

पापरकर से पहले जूनियर विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में लिएंडर पेस पहुंचे थे। बता दें कि पेस ने 1990 में इस खिताब पर कब्जा जमाया था। भारतीय टेनिस के इतिहास में रामनाथन कृष्णन 1954 विंबलडन जूनियर बॉयज सिंगल्स जीतने वाले पहले भारतीय और पहले एशियाई खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में एश्ले कूपर को हराया था। इसके बाद रमेश कृष्णन ने 1979 में फाइनल में डेविड सीगलर को 6-0, 6-2 से हराकर खिताब जीता था।

**भारत व इंग्लैंड के बीच पहला महिला टेस्ट क्रिकेट आज से**

## 142 साल में पहली बार लाड्र्स स्टेडियम में होगा महिला टेस्ट क्रिकेट

एजेंसी ▸▸| लाड्र्स

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बीच आज 10 जुलाई शुक्रवार से शुरू होने वाला महिला टेस्ट मुकाबला ऐतिहासिक होगा। यह लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट मैच है।

पुरुषों के पहले टेस्ट के 142 साल बाद इस मैदान पर महिला क्रिकेट को जगह मिलेगी। इंग्लैंड ने 1937 से अब तक 19 मैदानों पर 55 टेस्ट खेले हैं और लॉड्र्स उसका 20वां टेस्ट स्थल होगा। टीम ने आखिरी घरेलू टेस्ट 2023 में खेला था।



### हाल के दिनों में टेस्ट में दोनों टीमों का प्रदर्शन

टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम ने इस साल सिर्फ एक मुकाबला खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वाका में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट में टीम को 10 विकेट से हार मिली थी। यह साल 2006 के बाद 10 टेस्ट में उसकी पहली हार थी। भारत ने 2025 में कोई टेस्ट नहीं खेला था, जबकि 2024 में सिर्फ एक मुकाबला खेला था। वहीं, इंग्लैंड ने अपना पिछला टेस्ट जनवरी 2025 में खेला था, जिसमें उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली थी।

### पुरुषों के टेस्ट से अलग होता है महिला टेस्ट मैच

महिलाओं का टेस्ट मैच 4 दिन का होता है, जबकि पुरुषों का टेस्ट 5 दिन का होता है। इसमें एक दिन में कम से कम 100 ओवर फेंकना अनिवार्य है। वहीं, फॉलोऑन के लिए 200 की जगह 150 रन की बढ़त जरूरी होती है। अब तक सिर्फ 2 महिला टेस्ट मुकाबले 5 दिन तक चले हैं। 2023 एशेज में ट्रेंट ब्रिज पर खेला गया टेस्ट आखिरी 5 दिवसीय मुकाबला हुआ था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन से जीता था।

# जनपद में लगभग 50 से अधिक कोचिंग सेन्टर संचालित मात्र 09 पंजीकृत, डीएम ने की नाराजगी व्यक्त

## गैर पंजीकृत कोचिंग सेंटर पर होगी कार्यवाहीः- जिलाधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपद लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में 22 जून 2026 को घटित हुई दुःखद अग्निकांड की घटना का संज्ञान लेते हुए जनपद में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं एवं आम जनमानस की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों में अग्निशमन मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

आज कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया है कि तत्काल प्रभाव से आवश्यकतानुसार विशेष जांच दलों का गठन कर जनपद के समस्त कोचिंग सेंटरों, कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक लाइब्रेरी में सघन अग्नि सुरक्षा जांच अभियान संचालित किया जाए और यह विशेष अभियान निरंतर चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान संस्थानों में स्थापित अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी क्रियाशील स्थिति का गहन परीक्षण किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो तथा निकास मार्ग किसी भी प्रकार के अवरोध से मुक्त हों। उन्होंने कहा कि अधिकांश अग्नि दुर्घटनाएं विद्युत शॉर्ट सर्किट के कारण होती हैं, इसलिए सभी प्रतिष्ठानों में विद्युत वायरिंग एवं विद्युत सुरक्षा मानकों की विशेष रूप से जांच की जाए, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त संस्थानों द्वारा प्राप्त फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) की वैधता एवं अनुपालन की भी जांच की जाए तथा वैद्यता समाप्त होने पर सेंटर सील किया जाए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने उपस्थित कोचिंग सेंटर संचालकों से कहा कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य केवल निरीक्षण करना नहीं, बल्कि जनपद के सभी शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों में सुरक्षा संस्कृति को विकसित करना तथा संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान के प्रभावी एवं पारदर्शी संचालन के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बैठक में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने अनुपस्थित कोचिंग सेंटर संचालकों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ऐसे कोचिंग सेन्टर जिनके पास फायर/ जेडीए कि एनओसी है उन्हें तत्काल उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन नियमावली 2002 में पंजीकरण कराए जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, ऐसे कोचिंग सेंटर जिनके पास अभी तक जेडीए और फायर की एनओसी नहीं है, उन्हें 10 दिन में आवेदन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोचिंग सेंटर किराए के भवन में है तो भवन स्वामी को फायर और जेडीए से एनओसी प्राप्त करना होगा, अन्यथा कोचिंग सेंटर सील कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने बैठक में उपस्थित कोचिंग सेन्टर संचालकों को फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए लॉग इन कर आवेदन कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि प्रभारी फायर स्टेशन श्री अनिल कुमार, मो0 9454418431 पर भी एनओसी प्राप्त करने हेतु आवेदन कैसे करें की जानकारी ली जा सकती है।बैठक में क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर सुशील बाबू ने उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन नियमावली 2002 कि बिंदुवार जानकारी दी। उन्होंने कहा, प्रत्येक कोचिंग संस्थान का पंजीकरण कराना आवश्यक है।बिना पंजीकरण के कोचिंग का संचालन नहीं किया जा सकता। उन्होंने पंजीकरण शुल्क, पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा प्रत्येक नयी शाखा के लिए अलग पंजीकरण आवश्यक है कि जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने पता बदलने पर, प्रमाण पत्र खो जाने पर, आवश्यक अभिलेख सहित संचालकों की जिम्मेदारी के संबंध में भी विस्तृत जानकारी संचालकों को दी। बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री आर के राय ने फायर सेफ्टी उपकरण के संचालन कि विधिवत जानकारी एवं प्रैक्टिकल करके प्रदर्शित किया। बैठक में उपाध्यक्ष जेडीए श्री हिमांशु गौतम, एडीएम वित्त एवं राजस्व श्रीमती पल्लवी मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रमोद झा, सीएफओ श्री आर के राय, आपदा विशेषज्ञ श्री धीरज पाठक,कोचिंग पंजीयन समिति प्रभारी प्रोफेसर संजीव मिश्रा, सदस्य डॉ0 अजय शंकर यादव, नागरिक सुरक्षा संगठन से श्रीमती शिखा शर्मा, सुश्री प्रगति शर्मा, श्री बृजेन्द्र शर्मा सहित कोचिंग सेंटर संचालक उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय में अनुसूचित मोर्चा के 'प्रबुद्ध वर्ग संवाद' का सफल आयोजन

## -प्रधान सेवक के रूप में देश को आगे बढ़ा रहे हैं पीएम मोदीः जिलाध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )




**झांसी।** भाजपा जिला कार्यालय पर आज 'अनुसूचित मोर्चा प्रबुद्ध वर्ग संवाद' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता और कुशल संचालन जिला महामंत्री अनुसूचित वर्ग मोर्चा राहुल कुर्ली द्वारा किया गया। मंचासीन अतिथि सुधीर सिंह जिलाध्यक्ष,कपिल बिरसेनिया ,वीरेंद्र खटीक,संतराम पेंटर ,ओमप्रकाश दादा ,रामाधार राणा ,राहुल कुर्ली ,नंदी अहिरवार ,भूपेंद्र आर्य ,डॉक्टर ओमप्रकाश ,सुंदर सिंह चावला द्वारा महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा, 'आदरणीय नरेंद्र मोदी जी स्वयं को प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि भारत का 'प्रधान सेवक' मानते हैं। उन्होंने अपनी जनकल्याणकारी नीतियों से देश की जनता का दिल जीता है। सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति के रूप में उन्होंने अपने संपूर्ण राजनीतिक जीवन को जनसेवा में समर्पित कर दिया है।'वंशवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी परिवारवादी राजनीति के घोर विरोधी हैं। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का जो संकल्प लिया है, वह तभी संभव है जब समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर राष्ट्रवादी विचारधारा को अपनाएं और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लें। हम सभी को मिलकर चमार, जाटव, और अहिरवार,पासी,कोरी,धोबी, धानुक,वाल्मीकि,एवं अन्य सभी समाज को जगाना है एवं केंद्र और राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाना, जागरूकता फैलाना और इन समुदायों के हितों की रक्षा करना है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं अनुसूचित वर्ग मोर्चा के प्रभारी कपिल बिरसेनिया ने विचार व्यक्त करते हुए कहा, भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो अंत्योदय और राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित है। हमारा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम और सेवा-समर्पण का भाव लेकर जनता के बीच जाता है। इसी का परिणाम है कि केंद्र में लगातार तीसरी बार और देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकार लोक कल्याण के कार्य कर रही है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य क्षेत्रीय दल केवल वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति पर टिके हैं, जिन्हें जागरूक जनता पूरी तरह नकार चुकी है। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कसने और पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। प्रमुख रूप से उपस्थिति संदीप करोसिया,देवेश श्रीवास ,कृष्ण वर्मा ,जितेंद्र धानुक,अविनाश नाहर,हरीश दर्द ,रितिक सिंह एवं ज्येष्ठ,श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे राष्ट्रगीत के साथ हुआ समापनकार्यक्रम का समापन सामूहिक जन मन गीत के साथ हुआ। अंत में मनोनीत पार्षद धर्म करोसिया ने कार्यक्रम में आए सभी कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध जनों का आभार व्यक्त किया।

# मछलियों का चल रहा है प्रजनन काल

( यंग भारत न्यूज )





- सरकार ने शिकार पर लगा रखा है प्रतिबंध, मगर 24 घण्टे यमुना में हो रहा है मत्स्य आखेट
- डीएम, एसपी और मत्स्य अधिकारी से क्षेत्र वासियों ने की कड़ी कार्यवाही करने की मांग

**उरई।** जनपद के कालपी तहसील क्षेत्र स्थित यमुना नदी के जीतामऊ घाट पर मछलियों के अवैध शिकार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मत्स्य प्रजनन काल के दौरान शासन द्वारा मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद रात और दिन खुलेआम अवैध शिकार किया जा रहा है। इस पूरे मामले में ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस और मत्स्य विभाग पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं तथा तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीण अरुण कुमार ने बताया कि वर्तमान समय मछलियों के प्रजनन का मौसम है। इसी कारण शासन द्वारा मछली पकड़ने पर रोक लगाई गई है, ताकि मछलियों की संख्या और जैव विविधता सुरक्षित रह सके। इसके बावजूद कुछ लोग लगातार रात और दिन के समय यमुना नदी में जाल डालकर बड़े पैमाने पर मछलियों का शिकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह कार्य कई दिनों से लगातार चल रहा है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मत्स्य पालन विभाग और क्षेत्रीय पुलिस की लापरवाही अथवा कथित मिलीभगत के कारण अवैध शिकार करने वालों के हौसले बुलंद हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो यमुना नदी की मत्स्य संपदा को भारी नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही इससे पर्यावरणीय संतुलन भी प्रभावित होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिबंध का उद्देश्य मछलियों के संरक्षण और उनकी प्राकृतिक वृद्धि को सुनिश्चित सुनिश्चित है, लेकिन नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जीतामऊ घाट सहित यमुना नदी के विभिन्न घाटों पर नियमित निगरानी कराई जाए और अवैध शिकार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि संबंधित विभागों द्वारा शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ जन आंदोलन शुरू करने पर भी विचार करेंगे। उनका कहना है कि यमुना नदी क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है और इसकी जैव विविधता की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। हालांकि, इस मामले में पुलिस और मत्स्य विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। यदि संबंधित विभाग अपनी प्रतिक्रिया जारी करता है तो उसे भी समाचार में प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। वहीं ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले का संज्ञान लेकर प्रतिबंध अवधि में हो रहे अवैध शिकार पर रोक लगाएगा और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

# जो भी बिल्डिंग का निर्माण कराएं, उसका नक्शा अवश्य पास कराएंः- उपाध्यक्ष जेडीए

## व्यापारी जन विद्युत लोड लगातार चेक कराते रहेः- मुख्य अग्निशमन अधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में उपाध्याय झांसी विकास प्राधिकरण श्री हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जिला प्रशासन/ अग्निशमन अधिकारियों के साथ विभिन्न व्यापारिक संगठनों को अग्निशमन सुरक्षा एवं भवन मानकों की जानकारी, समस्याओं के समाधान एवं उपयोगी सुझाव प्रदान करने के लिए जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया अग्नि सुरक्षा जागरूकता संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री हिमांशु जोशी उपाध्यक्ष झांसी विकास प्राधिकरण ने उपस्थित। विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जुड़े व्यापारियों को सुझाव दिया कि जो भी बिल्डिंग व्यापारिक अथवा रिहायशी बनाए उसका नक्शा (मानचित्र) अवश्य जेडीए से पास करा लें, उन्होंने विश्वास दिलाया कि समय से आपकी बिल्डिंग का नक्शा पास कर दिया जाएगा कहीं कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि हमें अपनी सोच में बदलाव लाना होगा और थोड़ी सी बचत की लालच को छोड़ हमें आगे होने वाले नुकसान से बचना होगा। जिससे हम अपने परिवार और प्रतिष्ठान को सुरक्षित रख सकें। उपाध्यक्ष झांसी विकास प्राधिकरण श्री हिमांशु जोशी ने कहा कि विगत दिनों भरे बाज़ार में हुए अग्निकांड के दृष्टिगत शहर के पुराने बाजारों में हमें ज्यादा सावधानी बरतनी होगी ताकि भविष्य में अग्निकांड की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों से अनुरोध किया की अपने बाज़ारों को अतिक्रमण मुक्त बनाए ।अपने सामानों को अपनी ही दुकान में रखें, सड़क पर रखने से समस्या बनी रहती है, आवागमन में भी लोगों को अड़चन होती है। आयोजित बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री आर0 के0 राय ने व्यापारियों को आग लगने की घटनाओं से बचाव, सुरक्षा उपायों और आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर ही फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग की जानकारी देते हुए व्यापारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। व्यापारियों ने भी इन सुरक्षा उपकरणों के संचालन की जानकारी प्राप्त की ।इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री आर0के0 राय ने कहा कि अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान और घरों में विद्युत लोड की लगातार जांच कराते रहे ताकि विद्युत से होने वाली दुर्घटना से स्वयं का बचाव तथा अपने प्रतिष्ठानों, कर्मचारियों और करोड़ों रुपये की संपत्ति की सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकें ।प्राथमिकता देता है। उन्होंने व्यापारियों को अग्नि सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री आर0के0 राय ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सुरक्षा मानकों को पूरा करने में विभाग हरसंभव सहयोग करेगा। उन्होंने बताया कि जागरूकता और उचित प्रशिक्षण से आगजनी की घटनाओं में होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने को प्रत्येक व्यापारी की जिम्मेदारी बताते हुए व्यापारिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच और रखरखाव की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती पल्लवी मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रमोद झा, सीओ सिटी श्री रामवीर सिंह, जिला आपदा विशेषज्ञ श्री धीरज पाठक, श्री पवन कोष्ठा सहितअध्यक्ष व्यापार मंडल श्री संजय पटवारी, श्री दिलीप अग्रवाल, श्री अतुल अग्रवाल किलपन, श्री संतोष साहू व अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों से आए प्रतिनिधि व्यापारी उपस्थित रहे।

# कच्छा बनियान गिरोह से पुलिस की मुठभेड़, एक बदमाश पैर में गोली लगने से हुआ घायल

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** अशोक सनफ्रांस सिटी में बीते दिनों चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले कच्च बनियान धारी गिरोह के सदस्य से देर रात नवाबाद पुलिस का आमना सामना हो गया। नवाबाद थाना पुलिस ओर बदमाश की ओर से चली बंदूक से गोलियों से एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश को हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए उसके कब्जे से एक तमंचा, एक खाली ओर एक जिंदा कारतूस सहित नकदी ओर चोरी करने वाले ओजार बरामद किए है। एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नवाबाद थाना पुलिस देर रात गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि अशोक सनफ्रांस सिटी ने बीते दिनों चोरी करने के उद्देश्य से घुसे बदमाश मुस्तरा स्टेशन रोड की तरफ बाइक से जा रहे है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस पर तमंचे से फायर कर भागने लगा। पुलिस ने भी अपनी बंदूक से जवाबी फायरिंग की जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। इधर मुठभेड़ की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घायल बदमाश ने अपना नाम पाल कॉलोनी निवासी अरमान उर्फ बाला उर्फ राजू बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा ओर खाली खोखा कारतूस, हथौड़ा, पेंचकस, ओर सात सौ रूपये नकद सहित बाइक बरामद कर आरोपी बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। क्षेत्राधिकारी नगर ने बताया कि अशोक सनफ्रांस सिटी के अध्यक्ष विनय उपाध्याय ने नवाबाद थाना में बीते दिनों रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि अज्ञात बदमाशों द्वारा कॉलोनी में चोरी करने के उद्देश्य से प्रवेश किया गया, सुरक्षा गार्ड द्वारा रोकने पर वह बदमाश जान से मारने की नीयत से सुरक्षा गार्ड पर फायरिंग करने लगे, शोर शराबा ओर अन्य गार्ड के आने पर बदमाश भाग निकले थे। इस मामले को गंभीरता से लेकर एसएसपी ने नवाबाद पुलिस को बदमाशों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे।

# द ग्रेट संस्कृत क्राइसिस; फाइलों में दफन कानून, बोर्डों का टकराव और यूपी में दम तोड़ती देवभाषा

( यंग भारत न्यूज )




**फिरोजाबादः** जब सरकारें सांस्कृतिक पुनरुत्थान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर ले जाने का संकल्प दोहराती हैं तो पर्दे के पीछे की एक कड़वी हकीकत हमारा ध्यान खींचती है. उत्तर प्रदेश में संस्कृत शिक्षा का संकट किसी एक स्कूल या जिले की प्रशासनिक सुस्ती नहीं है, यह नीतिगत विफलता, नौकरशाही की फाइलों में उलझे नियमों और विधायी अदूरदर्शिता का एक जीवंत और दुखद उदाहरण है. राज्य के करीब 900 से अधिक सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में से आधे से ज्यादा आज वेंटिलेटर पर हैं. नियमों को बदलने के उत्साह में शासन ने एक ऐसी कानूनी भूलभुलैया तैयार कर दी है, जिसने पिछले आठ वर्षों से नियमित शिक्षकों की बहाली को पूरी तरह ठप कर रखा है. प्रोजेक्ट अलंकार' के तहत चमकाई जा रही दीवारों के पीछे से गुरु और शिष्य दोनों गायब हो रहे हैं. आइए समझते हैं अविनाश कुमार के संपादन के साथ संवाददाता अरविंद शर्मा की खास रिपोर्ट में कैसे लखनऊ के गलियारों से निकले आधे-अधूरे नीतिगत फैसलों ने उत्तर प्रदेश में देवभाषा के पूरे बुनियादी ढांचे को जमींदोज कर दिया.फिरोजाबाद के सरकारी सहायता प्राप्त श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय को कभी अपनी गुणवत्तापूर्ण आवासीय गुरुकुल के कारण मिनी काशी कहा जाता था, लेकिन आज महाविद्यालय पूरी तरह से गुरु-विहीन हो चुका है. 30 जून 2026 को संस्थान के आखिरी बचे शिक्षक राम प्रकाश शास्त्री के सेवानिवृत्त होते ही इस ऐतिहासिक गुरुकुल की रीढ़ टूट गई.गुरुकुल के पास अपना विशाल परिसर: हालत यह है कि आज गुरुकुल के पास अपना विशाल परिसर, ट्रस्ट की दान की हुई करोड़ों की जमीन है और वेद-पुराण पढ़ने के इच्छुक छात्रों की कतार होने के बाद भी उन्हें संस्कृत का क ख ग... या कहें कि अ इ उ ण सिखाने वाला एक भी स्थायी शिक्षक नहीं बचा है. हालांकि, मैनेजमेंट के अनुरोध पर कुछ पुराने गुरू ही अपनी अस्थायी सेवाएं देकर इस टूटती सांस को थामे हुए हैं, लेकिन सवाल यह है कि शिक्षा विभाग की 'लेटर पॉलिटिक्स' और बनारस के संपूर्णानंद विश्वविद्यालय को लिखे गए पत्रों के भरोसे यह व्यवस्था कब तक चलेगी ? आज यह सन्नाटा हमारे नीति निर्माताओं और खोखले दावों से कई गंभीर सवाल पूछ रहा है ? साल 1940 में स्थापना: बता दें कि श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय शहर के बीचों बीच हनुमान मंदिर के परिसर में ही स्थित है. यह महाविद्यालय काशी के संपूर्णानंद विश्वविद्यालय से संबद्ध है. देव भाषा संस्कृत का विकास और संस्कृत के विद्वानों को तैयार करने के मकसद से हनुमान ट्रस्ट ने इस महाविद्यालय के लिए जमीन दान की और साल 1940 में इसकी स्थापना हुई. इस महाविद्यालय में प्राचार्य समेत कुल पांच अचार्यों के पद सृजित हैं. बीते 66 सालों से संचालित यह महाविद्यालय सरकार की बेरुखी का शिकार होता गया. इतने सालों में कोई नई नियुक्ति तो नहीं हुई, लेकिन धीरे-धीरे शिक्षक सेवानिवृत्त होते गए. अपने इतिहास में इस संस्कृत महाविद्यालय ने कई विद्वान भी दिए हैं. सरकार की बेरुखी का नतीजा है कि इस महाविद्यालय में केवल 10 छात्र ही अध्यनरत हैं.30 जून को सेवानिवृत्त हो गए: हालांकि, यहां छात्रावास भी है, लेकिन वार्डन आदि की नियुक्ति न होने से वह भी बंद पड़ा है. इस महाविद्यालय में सेवाएं देने वाले एकमात्र शिक्षक राम प्रकाश शास्त्री 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए. सेवानिवृत्त शिक्षक राम प्रकाश शास्त्री का कहना है कि महाविद्यालय में शिक्षक न होने से हम खुद परेशान हैं. हमने समय-समय पर इसकी जानकारी भी मैनेजमेंट कमेटी को दी और शिक्षकों की कमी सभी की जानकारी में है. उन्होंने बताया कि हम लोगों ने खुद ही बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया है और एक अन्य आचार्य की तैनाती मैनेजमेंट द्वारा की गई है. महाविद्यालय के छात्र कॉलेज के एकमात्र शिक्षक के सेवानिवृत्त होने से परेशान तो हैं, लेकिन मैनेजमेंट कमेटी के फैसले से आशान्वित भी हैं. छात्र धीरज ने बताया कि जब मैनेजमेंट ने नए शिक्षक की तैनाती कर दी है तो शायद पठन-पाठन में कोई समस्या न आये.

# सिपाही के साथ किन्नर ओर उसके साथी ने की मारपीट, रात के अंधेरे में दौड़ कर सिपाही ने बचाई जान

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र के माल गोदाम के पास देर रात हंगामा कर रहे किन्नर ओर उसके साथी ने सूचना पर पहुंचे सिपाहियों के साथ जमकर गाली गलौज कर अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। इस दौरान एक सिपाही ने वहां से दौड़ कर जान बचाई। सरेराह खाकी के साथ हो रही इस घटना को तमाम लोग मूक दर्शक बने देखते रहे। जानकारी के मुताबिक प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सीपरी बाजार से प्रेमनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर माल गोदाम चौराहे पर गुरुवार की रात एक किन्नर जमीन पर पड़ी थी ओर उसी के नजदीक एक बाइक सवार युवक खड़ा होकर दोनों आपस में जमकर हंगामा कर रहे थे। तभी वहां से बाइक पर निकल रहे सिपाहियों ने दोनों को हंगामा करते देखा तो रुक कर घटना की जानकारी लेते हुए मोबाइल से वीडियो बनाने लगे तभी वहां मौजूद किन्नर ने सिपाही को गाली गलौज करते हुए मोबाइल छीनने का प्रयास करते हुए सिपाही की मारपीट कर दी। खुद पर हमला होते देख सिपाही से बाइक छोड़ कर पांच सौ मीटर दूर तक दौड़ लगाई और लेकिन किन्नर ने तब भी उसका पीछा नहीं छोड़ा। सरेराह सिपाही के साथ मारपीट की यह घटना वहां सैंकड़ों तमाशबीन लोग देखते रहे। फिलहाल इस घटना को लेकर तमाशबीन बने लोग खाकी पर हमले को लेकर तमाम चर्चाएं करते देखे गए।

# पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह के यहां छापे के दौरान ईडी की मिले अपराध की आय को छिपाने से संबंधित दस्तावेज, ईडी ने प्रेस नोट जारी कर दी जानकारी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** ईडी ने बुधवार की तड़के भारी केंद्रीय सुरक्षा बल के साथ समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव के निवास मून सिटी और उनके करीबियों के घरों पर ग्यारह ठिकानों पर छापेमारी थी। करीब 18 घंटे तक चली इस छापेमार कार्यवाही में ईडी ने आय से जुड़े उनके कई दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कम्पनियों का लेखाजोखा जब्त कर लिया था। ईडी ने पूर्व विधायक ओर उनके सहयोगियों के यहां छापेमार कार्यवाही के दौरान कई आपत्ति जनक रिकॉर्ड, दस्तावेज, जिसमें अंतर कंपनी में लेनदेन तृतीय पक्ष समझौते संदिग्ध लेनदेन दर्शाने वाले वित्तीय रिकॉर्ड और विभिन्न व्यवसायिक संस्थाओं परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के नाम पर दर्ज विलासिता पूर्ण संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज कब्जे में लिए थे। इस दौरान ईडी को कुछ कंपनियां ऐसी मिली जो सिर्फ कागजों में दर्ज थी और कोई वास्तविक व्यवसाय नहीं कर रही थी। संदिग्ध बेनामी अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज ओर अपराध की आय को छिपाने से संबंधित दस्तावेज भी बरामद कर जब्त किए। छापेमार कार्यवाही पूर्ण करने के बाद ईडी रवाना हो गई। गुरुवार की देर शाम ईडी ने अपने जारी किए प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय ईडी इलाहाबाद उप क्षेत्रीय कार्यालय ने आठ जुलाई को झांसी, लखनऊ, और उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों प्रावधानों के तहत पूर्व प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), इलाहाबाद उप क्षेत्रीय जुलाई, 2026 को झांसी, लखनऊ और उत्तर प्रदेश में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के दीप नारायण सिंह यादव, गरौथा निर्वाचन क्षेत्र, झांसी के विधायक और अन्य के खिलाफ चल रही धन शोधन की जांच के संबंध में 11 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया ।ईडी ने उत्तर प्रदेश 23.02 सरकार के सतर्कता विभाग द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दीप नारायण सिंह यादव ने जांच अवधि के दौरान अपनी ज्ञात आय के स्रोतों के अतिरिक्त लगभग करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की थी। यह भी पता चला है कि दीप नारायण सिंह यादव के खिलाफ झांसी और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के विभिन्न पुलिस थानों में 60 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में आईपीसी, 1860 के तहत डकैती, हत्या का प्रयास, जबरन वसूली, गैर इरादतन का प्रयास, विश्वासघात, धोखाधड़ी और जालसाजी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इनमें से कई अपराध पीएमएलए, 2002 के तहत अनुसूचित अपराध हैं। हत्या एफआईआर/चार्जशीट से पता चला है कि दीप नारायण सिंह यादव ने कथित तौर पर उपर्युक्त आपराधिक गतिविधियों और अपने राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग करके अपराध से प्राप्त धन का पर्याप्त हिस्सा अर्जित किया। यह भी पता चला है कि उसने कथित तौर पर कंपनियों का एक नेटवर्क बनाया, जिसमें फर्जी संस्थाएं भी शामिल थीं, ताकि अपराध से प्राप्त धन को विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं और निवेशों के माध्यम से वैध संपत्ति के रूप में प्रदर्शित किया जा सके, जिन पर उसका, उसके परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों का नियंत्रण था।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718